पंजीकृत
साधारण

AO (T) / Sri Maurya

कार्यालय प्रधान महालेखाकार (आडिट–I) उ0 प्र0, प्रयागराज

पत्रांकः–ए0एम0जी0– III / सम्पादन– I / प्रतिवेदन सं0 03 / 2021–22 / 27 / दिनांक 20.01.22

सेवा में

वित्त नियंत्रक,
सरदार बल्लभभाई पटेल,
कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,
मेरठ

विषयः– दिनांक 20.10.2021 से 21.12.2021 तक सम्पादित लेखापरीक्षा पर आधारित लेखापरीक्षा प्रतिवेदन संख्या –03 / 2021–22 का प्रेषण।

महोदय,

आपके विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2019–20, एवं 2020–21 की अवधि के लेखा–अभिलेखों की उपर्युक्त तिथियों में सम्पादित लेखापरीक्षा पर आधारित प्रतिवेदन इस आशय से प्रेषित है कि प्रतिवेदन के भाग–2 (अ) में शामिल प्रस्तर "01 से 09" एवं भाग II (ब) में शामिल प्रस्तर "01 से 18" की अनुपालन आख्या अगले उच्च अधिकारी की संस्तुति के साथ प्रतिवेदन की प्राप्ति के एक माह के अंदर इस कार्यालय को प्रेषित किया जाए। सभी अनुपालन आख्यायें आवश्यक दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियों से समर्थित होनी चाहिए।

नियन्त्रक कार्यालय
क्रम सं0 13850
दि0 19/2/2022
मेरठ

भवदीय

20-1-22

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी / सम्पादन–I

पत्रांकः–ए0एम0जी0– III / सम्पादन– I / प्रतिवेदन सं0 03 / 2021–22 / दिनांक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1 अपर मुख्य सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

हस्ता0 /–

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी / सम्पादन–I

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

1880

लेखापरीक्षा निरीक्षण प्रतिवेदन

कार्यालय वित्त नियंत्रक, सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के वित्तीय वर्ष 2019–20 एवं 2020–21 की अवधि के लेखा अभिलेखों की लेखापरीक्षा श्री रामलौटन, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 20.10.2021 से 21.12.2021 तक, श्री राजीव श्रीवास्तव, सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 20.10.2021 से 21.12.2021 तक, श्री मुन्नू लाल, सहायक पर्यवेक्षक द्वारा दिनांक 20.10.2021 से 21.12.2021 तक सम्पादित की गयी, जिसका पूर्ण पर्यवेक्षण श्री राम कुमार मिश्र, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 20.10.2021 से 21.12.2021 तक किया गया।

निरीक्षण प्रतिवेदन वित्त नियंत्रक, सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक, विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा प्रस्तुत एवं उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं के आधार पर तैयार किया गया है। निरीक्षित इकाई द्वारा प्रदत्त गलत सूचना और/अथवा अप्रदत्त सूचना के संबंध में कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा–1) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज कोई दायित्व स्वीकार नहीं करता है।

भाग–प्रथम (अ) परिचयात्मक

1. कार्यालय वित्त नियंत्रक, सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के वित्तीय वर्ष 2017–18 एवं 2018–19 की अवधि के लेखा अभिलेखों की लेखापरीक्षा श्री रामजी मिश्र, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 12.03.2020 से 20.03.2020 तक, श्री दीपक कुमार तिवारी, सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 04.03.2020 से 20.03.2020 तक, श्री अजय कुमार, वरिष्ठ सम्प्रेक्षक द्वारा दिनांक 04.03.2020 से 20.03.2020 तक सम्पादित की गयी, जिसका आंशिक पर्यवेक्षण श्री ए0 सी0 त्रिपाठी, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 04.03.2020 से 07.03.2020 तक तथा 12.03.2020 से 16.03.2020 तक किया गया। वर्तमान लेखापरीक्षा में वित्तीय वर्ष 2019–20 एवं 2020–21 के लेखाभिलेखों की लेखापरीक्षा सम्पादित की गयी है।

2. प्रशासनिक विभाग का नाम जिससे इकाई सम्बद्ध है : उच्च शिक्षा विभाग
3. इकाई की श्रेणी (सिविल/निर्माण/स्वात्तय निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/आदि: सिविल
4. डी.पी.सी.(एक्ट) की धाराएँ जिसके अन्तर्गत इकाई की लेखापरीक्षा समदित की गयी : 20
5. गत सम्प्रेक्षा से अब तक कार्यरत विभागाध्यक्ष का नाम एवं कार्यकाल
   (1.) डा. गया प्रसाद दिनांक–10.03.2016 से 14.07.2019 तक
   (2.) डा. आर.के मिततल दिनांक–15.07.2019 से अब तक
6. विगत सम्प्रेक्षा से अब तक के कार्यालयाध्यक्ष के नाम एवं कार्यकाल
   (1) श्री अवध नारायण 01.04.2019 से 31.07.2020
   (2) डा0 बी0आर0सिंह 01.08.2020 से 04.08.2020
   (3) श्री सुशील कुमार गुप्ता 04.08.2020 से 03.12.2020
   (4) श्रीमती लक्ष्मी मिश्रा 03.12.2020 से अब तक

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

7. लेखापरीक्षा अवधि में इकाई में निम्नानुसार मानव शक्ति उपलब्ध थी–

सवर्गवार पद	स्वीकृत संख्या	कार्यरत संख्या	कमी / अधिक्य	कमी के प्रकरण में रिक्त रहने की अवधि (माह में)
शैक्षणिक संवर्ग	364	146	218	–
गैर–शैक्षणिक संवर्ग	204	141	63	–
कुल योग	568	287	281	–

9. पर्यावरण से सम्बन्धित सूचना निम्न प्रारूप में दी गयी है:–

क्र. सं.	मदों के नाम जिने पर्यावरण प्रभावित होता है	वातावरण कितना प्रभावित है।
1.	वायु	शून्य
2.	जल	
3.	जमीन	
4.	ध्वनि	
5.	बैटरीज	
6.	प्लास्टिक	
7.	जैव चिकित्सा अपशिष्ट	
8.	जोखिम वाले अपशिष्ट (रेडियोधर्मिता–ऐसे चिकित्सालयों में जहां कोबाल्ट मशीने प्रयोग में लायी जाती हैं)	
9.	परमाणु चिकित्सा–रेडियाधर्मी	

10. सूचना प्रौद्योगिक की लेखापरीक्षा (आई0टी0 लेखापरीक्षा)–

क्र0सं0	विवरण	मात्रा	मूल्य	टिप्पणी
1.	हार्डवेयर	लगभग 235	रू0 38.14 लाख	31.03.20 के अनुसार मूल्य ह्रास घटाने के बाद
2.	साफ्टवेयर	प्रत्येक संकाय सदस्य के पास कम्प्यूटर एवं इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध		
3.	नेटवर्किंग	सभी लैन से जुड़े हैं		
4.	आई0टी0 अनुप्रयोग	––		
5.	आर0डी0बी0एम0एस0 डाटा बैक	शून्य		
6.	लेखापरीक्षा इकाई में कम्प्यूटरीकरण– विभागों में ई0–निविदा यातायात गणना	ई–टेण्डरिंग प्रकिया अपनायी जाती है		

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

11. केन्द्रीय / केन्द्र पुरोनिधानित / राज्य / गाह्य सहायतित योजना / कार्यक्रम की स्थिति निम्नवत थी:–

योजना का नाम	लेखाशीर्ष	स्वीकृतियां	आवंटन	व्यय	कार्यदायी संस्था
	शून्य				

12. फ्लैगशिप योजनाओं की स्थिति निम्नवत थी:–

योजना का नाम	लेखाशीर्ष	स्वीकृतियां	आवंटन	व्यय	कार्यदायी संस्था
	शून्य				

13. अप्रस्तुत अभिलेख परिसम्पत्ति पंजिका, अनिस्तारित प्रस्तरों की अनुपलना आख्या, निलंबन / निष्कासन पत्रावलियॉ, सी0ए0टेण्डर पत्रावली, एकिप योजना के बैंक स्टेटमेंट गाइडलाइन्स एवं मूल पत्रावली डेटा कलेक्सन की सूचनाएं।

14. सतत अनियमितताएं– शून्य

कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्ष–1) उ0प्र0 प्रयागराज के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों की स्थिति निम्नवत थी।

प्रतिवेदन संख्या	वर्ष	प्रस्तर संख्या	प्रस्तर का शीर्षक	प्रस्तर अनिस्तारित रहने का कारण
2 / 124 / 2019–20	2019–20	भाग–दो ब प्रस्तर सं0 1 से 12 तक		

15. निर्गत लेखापरीक्षा ज्ञापों पर इकाई को टिप्पणी की स्थिति–

लेखा परीक्षा ज्ञाप क्रम संख्या	निर्गत तिथि	पृष्ठ सं0 01से 994तक	टिप्पणियों की स्थिति		
			क्या समस्त बिन्दुओं पर टिप्पणियां प्राप्त है "हॉ" या "नहीं" लिखें	यदि आंशिक टिप्पणियां प्राप्त है तो जिन बिन्दुओं पर टिप्पणियां प्राप्त नहीं है उनका उल्लेख करें	टिप्पणियां अप्राप्त का कारण
1.	20.10.2021	01 से 44		----	
2.	21.10.2021	44 से 88			
3.	22.10.2021	89से 104			
4.	23.10.2021	105से 112		----	
5	25.10.2021	113 से 188			

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

6	26.10.2021	189 से 234		———	
7	27.10.2021	235 से 246			कोई
8	28.10.2021	247 से 282			
9	29.10.2021	283 से 296	.....हाँ.....		
10	30.10.2021	297 से 304			
11	01.11.2021	305 से 312		———	
12	02.11.2021	313 से 322			
13	08.11.2021	323 से 330			
14	09.11.2021	331 से 344			
15	11.11.2021	345 से 444		———	
16	12.11.2021	4545 से 496			
17	15.11.2021	497 से 530		———	
18	16.11.2021	531 से 558			
19	17.11.2021.	559 से 576			
20	18.11.2021	577 से 594		———	
21	.20.11.2021	595 से 596			
22	22.11.2021	597 से 608			
23	23.11.2021	609 से 624		———	
24	25.11.202	625 से 638			
25	26.11.2021	639 से 640		———	
26	27.11.2021	641 से 658			
27	29.11.2021	659 से 684			
28	30.11.2021.	685 से 688		———	
29	01.12.2021	689 से 718			
30	02.12.2021	719 से 732		———	
31	03.12.2021	733 से 738			
32	04.12.2021	739 से 772		———	
33	06.12.2021	773 से 788			
34	07.12.2021	789 से 834		———	
35	08.12.2021	835 से 884			
36	09.12.2021.	885 से 892			
37	10.12.2021	893 से 902		——	
38	13.12.2021	903 से 910			
39	14.12.2021	911 से 916			
40	15.12.2021	917 से 920			
41	16.12.2021	921 से 970			
42	17.12.2021	971 से 982			
43	18.12.2021	983 से 990			
44	19.12.2021	991 से 994			
45	21.12.2021	वार्ता			

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

16. इकाई के साथ प्रारम्भिक बैठक (इंट्री कांफ्रेंस) / समापन गोष्ठी (इक्जिट कांफ्रेंस) किये जाने की स्थितिः–

बैठक	दिनांक	बैठक न होने के कारण
प्रारम्भिक बैठक (इंट्री कांफ्रेंस)	21.10.2021	वित्त नियंत्रक का कार्यालय में उपलब्ध न होना।
समापन गोष्ठी (इक्जिट कांफ्रेंस)	21.12.2021	सम्पन्न

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

भाग दो–(अ)

प्रस्तर सं0–01 संरक्षित वन क्षेत्र घोशित एरिया के प्रतिबंधित क्षेत्र पर कृषिविज्ञान केन्द्र के प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्य पर रू0 133.35 लाख का निरर्थक ब्यय।

शासनादेश संख्या–4041 / xiv दिनांक 15.10.1954 के अनुसार अपर गंगा कैनाल (मेन) मील 0–181 तक की दोनों पटरिया संरक्षित वन क्षेत्र घोशित हैं। संरक्षित वन क्षेत्र घोशित एरिया में स्थाई कृषि वानिकी का अभ्यास करने के लिए अथवा कोई भी गैर वानिकी कार्य किये जाने हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अंतर्गत भारत सरकार वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की स्वीकृति लिया जाना अनिवार्य है। इसके अलावां उल्लघंन या परमिट की कमी को एक दण्डनीय अपराध माना गया है। इस अधिनियम के अंतर्गत वनों की कटाई को सीमित करने, जैव विविधता के संरक्षण और वन्य जीवों को बचाने का लक्ष्य रखा गया है।

शासनादेश संख्या 1881 / 67–कृषिअ–18–1500(3)116 दिनांक 11 अगस्त 2018 के द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र चित्तौड़ा मुजफ्फरनगर–II की स्थापना हेतु 12.419 हेक्टेअर भूमि, ग्राम चित्तौड़ा परगना जौली जानसठ, तहसील जानसठ, मुजफ्फरनगर के लिए निःशुल्क आवंटन किया गया। आवंटित भूमि विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक–01.10.2018 को हस्तानांतरित / टेकओर की गई।हस्तानांतरित भूमि पर विश्वविद्यालय के नियंत्राणाधीन नवसृजित कृषि विज्ञान केन्द्र, चित्तौड़ा मुजफ्फरनगर–।।, का प्रशासनिक भवन निर्मित है, जो किजनपद मुजफ्फरनगर से 17 किमी0 दूर अपर गंगा कैनाल के किनारे पर संरक्षित वन क्षेत्र घोशित एरिया के प्रतिबंधित क्षेत्र में अवस्थित है।

सम्प्रेक्षा के दौरान इकाई के अभिलेखों की जॉच में पाया गया कि अपर गंगा कैनाल (मेन) मील 0–181 के संरक्षित वन क्षेत्र घोशित एरिया के प्रतिबंधित क्षेत्र के अंतर्गत सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय मेरठ,के नियंत्रणाधीन एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिशद नई दिल्ली,(आई0सी0ए0आर0) द्वारा वित्त पोशित नवसृजित कृषि विज्ञान केन्द्र चित्तौड़ा मुजफ्फरनगर–।। के स्थाई निर्माण कार्य के अंतर्गत आने वाले प्रशासनिक भवन (अत्याधुनिक तरीके से जिसमें विडीयो कान्फ्रेसिंग आदि की सुविधायुक्त), कृशक छात्रावास, प्रशिक्षण हाल, प्रदर्शन इकाईयां बाउन्ड्री वाल के निर्माणकार्य के लिए प्रस्ताव विश्वविद्यालय द्वारा भारत सरकार, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त किये बिना ही(आई0सी0ए0आर0) को प्रेशित कर दिया गया।प्रस्तावित भवनों / इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण हेतु विश्वविद्यालय स्तर से तैयार किये गये ले–आउट प्लान पर लो0नि0वि0 के 2018 से प्रभावी कुर्सी क्षेत्रफल की दरों पर आगणन गठित कराया गया,जिस पर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी किये जाने हेतु आई0सी0ए0आर0 को प्रेशित पत्र के अनुरूपआई0सी0ए0आर0 द्वारा दिनांक 13.03.2019 को प्रशासकीय / वित्तीय स्वीकृति जारी करते हुए रू0 135.35 लाख की धनराशि विभिन्न चार किश्तों में क्रमशः दिनांक–06.01.2020 को रू0 35.00 लाख, दिनांक–10.03.2021 रू0 20 लाख एवं दिनांक–25.03.2021 को रू0 58.35 एवं दिनांक–31.03.3020 रू0 20 लाख, सहित कुल रू0 133.35 लाख अवमुक्त की गई। अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष उ0प्र0 के शासनादेश सं0975 / 67–कृषिअ–19–1500(15) / 10टी0सी0–5 दिनांक–05.07.2019 द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र चित्तौड़ा मुजफ्फरनगर–II के प्रशसनिक भवन का निर्माण कार्य यू0पी0 प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड से कराये जाने के आदेश निर्गत किये गये। नामित कार्यदायी संस्था द्वारा निर्मित होने वाले कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य माह फरवरी 2020 में प्रारंभ करके माह फरवरी 2021 तक पूर्ण कर लिया गया है। कार्य की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति 100 प्रतिशत है जिस पर रू0 133.35 लाख की सम्पूर्ण धनराशि ब्यय कर ली गई है। निर्मित कृषिविज्ञान केन्द्र के प्रशासनिक भवन के हस्तानांतरण किये जाने सम्बन्धित भवन इन्वेन्ट्री कार्यदायी संस्था द्वारा

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110

विश्वविद्यालय को प्रेशित किया गया है, परंतु भारत सरकार वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा संरक्षित वन क्षेत्र में प्रशासनिक भवन, कृशक छात्रावास, सहित किसी भी निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान करने से फरवरी 2021 में आपत्ति दर्ज करते हुए स्पश्ट मना कर दिया गया है।

सम्प्रेक्षा द्वारा इंगित किये जाने पर इकाई द्वारा उत्तर में बताया गया कि प्रकरण वन विभाग द्वारा संज्ञान में लाये जाने पर अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त किये जाने हेतु प्रयास किया गया है (फरवरी 2021)। उत्तर मान्यनहीं है, क्योंकि संरक्षित वन क्षेत्र भूमि के प्रक्षेत्र पर निर्माण कार्य प्रस्ताव तैयार किये जाने से पूर्व प्रारंभ में ही भारत सरकार वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली सेफारेस्ट प्रोटेक्टेड लैंड की क्लीयरेन्स के साथ ही निर्माण कार्य की स्वीकृति प्राप्त कर लिया जाना चाहिये था। परिणामस्वरूप वैधानिक रूप से भूमि की उपलब्धता सुनिश्चत किये बिना ही प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य कराया जाना अवैध है, जिसे निश्चित रूप से ढहाया जायेगा अतः निर्माण कार्य पर किया गया ब्यय रू0 133.35 लाख निरर्थक है।

अतःप्रकरण प्रकाश में लाया जाता है।

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

भाग दो (अ)

प्रस्तर संख्या –02 मंहगाई भत्ते पर अधिक भुगतान 16.65 लाख एवं चिकित्सा बीमा का अनुचित भुगतान किया जाना।

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने हेतु विभिन्न श्रेणी के सुरक्षाकर्मी उत्तर प्रदेश सैनिक कल्याण बोर्ड (फर्म) के माध्यम से लगाए जाने हेतु एक अनुबन्ध वित्त नियन्त्रक द्वारा दिनांक 03.10.2019 को सैनिक कल्याण बोर्ड से किया गया था।

क्र0सं0	गार्ड की श्रेणी	दर प्रति माह	संख्या
1	सुपरवाईजर	26202	03
2	गनमैन	24486	16
3	सिक्यूरिटी गार्ड	19909	77

प्रश्नगत सुरक्षाकर्मियों के दरों के विश्लेषण चार्ट से स्पष्ट था कि प्रश्नगत सुरक्षाकर्मियों को एक सरकारी कर्मचारी की भॉति वेतन, मंहगाई भत्ता, वर्दी भत्ता, बोनस, चिकित्सा बीमा, ग्रेच्युटी, भवन किराया, भवन किराए पर मंहगाई भत्ता एवं अवकाश भत्ता आदि दिया गया था। फर्म के पत्र दिनांक 14.09.2018 में एजीएम (आपरेशन) द्वारा स्पष्ट किया गया था कि उत्तर प्रदेश शासन के मंहगाई भत्ते से सम्बन्धित आदेश उन पर भी लागू होंगे।

कोबिड 19 के दौरान उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञापन संख्या 2/2020–वे0आ0–1–314/दस–2020–8(एम)/2018 दिनांक 24.04.2020 द्वारा 01 जनवरी 2020 से देय मंहगाई भत्ते का भुगतान जून 2021 तक न करने का निर्देश जारी किया गया था।

अभिलेखों की जांच (नवम्बर, 2021) में पाया गया कि उक्त सुरक्षाकर्मियों को जिन्हें कि सरकारी कर्मचारियों की भॉति वेतन भत्तों का भुगतान किया जा रहा था। विश्वविद्यालय द्वारा मंहगाई भत्ता न देने सम्बन्धी शासन के प्रश्नगत आदेशों की अनदेखी करते हुए सम्पूर्ण प्रतिबन्धित अवधि (जनवरी 2020 से जून 2021) के दौरान वेतन पर एवं भवन किराया भत्ते पर मंहगाई भत्ते की पुनरीक्षित/बढी हुयी दर से भुगतान कर दिया गया। परिणामस्वरूप वेतन पर संलग्न विवरणानुसार देय मंहगाई दर से ₹15.60 लाख का अधिक भुगतान एवं इसी प्रकार भवन किराया भत्ते पर देय मंहगाई दर से ₹1.05 लाख का अधिक भुगतान अर्थात् कुल ₹16.65 लाख का अधिक भुगतान किया गया।

चूंकि विश्वविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगाए गए सुरक्षाकर्मी सेवानिवृत्त सैन्य कर्मी थे जिसके कारण वे सभी मुफ्त सैन्य चिकित्सा सुविधाओं से आच्छादित थे। ऐसी स्थिति में 3.25 प्रतिशत की दर चिकित्सा बीमा का भुगतान भी प्रतिमाह बिना किसी आधार के किया गया। इस प्रकार विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार भुगतान न करने पर ₹16.65 लाख का अतिरिक्त भार एवं चिकित्सा बीमा का अनुचित भुगतान किया गया।

सम्प्रेक्षा द्वारा इंगित करने पर इकाई ने अपने उत्तर में बताया (दिसम्बर, 2021) कि मंहगाई भत्ते पर रोक केवल राज्य सरकार के विभिन्न विभागों/निगमों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मियों हेतु लागू थे। विश्वविद्यालय ने अपने उत्तर में आगे स्वीकार किया कि भूतपूर्व सैनिक सेवानिवृत्ति बाद एक निश्चित धनराशि जमा कर चिकित्सा सुविधाओं से आच्छादित हो जाते हैं।

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

उत्तर मान्य नही है क्योंकि विश्वविद्यालय भी एक शासकीय विभाग के अन्तर्गत आता है, जहाँ सैनिक कल्याण बोर्ड (निगम) के माध्यम से सरकारी कर्मचारियों की भाँति वेतन एवं भत्ते आदि भुगतान करके सेवाएं प्राप्त की गयी। साथ ही सैनिक कल्याण बोर्ड के एजीएम (आपरेशन) द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के मंहगाई भत्ते के आदेशों के मानने हेतु सितम्बर 2018 में सहमति भी दे दी गयी थी।

इस प्रकार, सुरक्षा कर्मियों पर मंहगाई भत्ते की धनराशि ₹ 16.65 लाख का अधिक भुगतान एवं चिकित्सा बीमा का अनुचित भुगतान किए जाने का उक्त प्रकरण शासन के संज्ञान में लाने हेतु प्रकाश में लाया जाता है।

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

Excess payment of DA

Security guard						Gunman					Supervisor					
Month	Due DA	Drawn DA	Difference	No.	Excess payment	Due DA	drawn DA	Difference	No.	Excess payment	Due DA	drawn DA	Difference	No.	Excess payment	Total Excess paymen
Apr-20	2372.49	3542	1169.51	77	90052.27	2941.89	4392.7	1450.81	16	23212.96	3155.44	4711.53	1556.09	3	4668.27	117933.
May-20	2372.49	3542	1169.51	77	90052.27	2941.89	4392.7	1450.81	16	23212.96	3155.44	4711.53	1556.09	3	4668.27	117933.
Jun-20	2372.49	3542	1169.51	63	73679.13	2941.89	4392.7	1450.81	10	14508.1	3155.44	4711.53	1556.09	3	4668.27	92855.5
Jul-20	2372.49	3542	1169.51	63	73679.13	2941.89	4392.7	1450.81	10	14508.1	3155.44	4711.53	1556.09	3	4668.27	92855.5
Aug-20	2372.49	3542	1169.51	63	73679.13	2941.89	4392.7	1450.81	10	14508.1	3155.44	4711.53	1556.09	3	4668.27	92855.5
Sep-20	2372.49	3542	1169.51	63	73679.13	2941.89	4392.7	1450.81	10	14508.1	3155.44	4711.53	1556.09	3	4668.27	92855.5
Oct-20	2372.49	3706	1333.51	63	84011.13	2941.89	4595.44	1653.55	10	16535.5	3155.44	4928.98	1773.54	3	5320.62	105867.
Nov-20	2372.49	3706	1333.51	63	84011.13	2941.89	4595.44	1653.55	10	16535.5	3155.44	4928.98	1773.54	3	5320.62	105867.
Dec-20	2372.49	3706	1333.51	63	84011.13	2941.89	4595.44	1653.55	10	16535.5	3155.44	4928.98	1773.54	3	5320.62	105867.
Jan-21	2372.49	3706	1333.51	63	84011.13	2941.89	4595.44	1653.55	10	16535.5	3155.44	4928.98	1773.54	3	5320.62	105867.
Feb-21	2372.49	3706	1333.51	63	84011.13	2941.89	4595.44	1653.55	10	16535.5	3155.44	4928.98	1773.54	3	5320.62	105867.
Mar-21	2372.49	3706	1333.51	63	84011.13	2941.89	4595.44	1653.55	10	16535.5	3155.44	4928.98	1773.54	3	5320.62	105867.
Apr-21	2372.49	3706	1333.51	63	84011.13	2941.89	4595.44	1653.55	10	16535.5	3155.44	4928.98	1773.54	3	5320.62	105867.
May-21	2372.49	3706	1333.51	63	84011.13	2941.89	4595.44	1653.55	10	16535.5	3155.44	4928.98	1773.54	3	5320.62	105867.
Jun-21	2372.49	3706	1333.51	63	84011.13	2941.89	4595.44	1653.55	10	16535.5	3155.44	4928.98	1773.54	3	5320.62	105867.
Total																156009

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

Excess payment of DA on HRA																
Security guard						Gunman					Supervisor					
Month	Due DA	Drawn DA	Difference	No.	Excess payment	Due DA	drawn DA	Difference	No.	Excess payment	Due DA	drawn DA	Difference	No.	Excess payment	Total
Apr-20	278.81	354.25	75.44	77	5808.88	346.31	439.27	92.96	16	1487.36	370.82	471.16	100.34	3	301.02	7597.26
May-20	278.81	354.25	75.44	77	5808.88	346.31	439.27	92.96	16	1487.36	370.82	471.16	100.34	3	301.02	7597.26
Jun-20	278.81	354.25	75.44	63	4752.72	346.31	439.27	92.96	10	929.6	370.82	471.16	100.34	3	301.02	5983.34
Jul-20	278.81	354.25	75.44	63	4752.72	346.31	439.27	92.96	10	929.6	370.82	471.16	100.34	3	301.02	5983.34
Aug-20	278.81	354.25	75.44	63	4752.72	346.31	439.27	92.96	10	929.6	370.82	471.16	100.34	3	301.02	5983.34
Sep-20	278.81	354.25	75.44	63	4752.72	346.31	439.27	92.96	10	929.6	370.82	471.16	100.34	3	301.02	5983.34
Oct-20	278.81	370.6	91.79	63	5782.77	346.31	459.54	113.23	10	1132.3	370.82	492.9	122.08	3	366.24	7281.31
Nov-20	278.81	370.6	91.79	63	5782.77	346.31	459.54	113.23	10	1132.3	370.82	492.9	122.08	3	366.24	7281.31
Dec-20	278.81	370.6	91.79	63	5782.77	346.31	459.54	113.23	10	1132.3	370.82	492.9	122.08	3	366.24	7281.31
Jan-21	278.81	370.6	91.79	63	5782.77	346.31	459.54	113.23	10	1132.3	370.82	492.9	122.08	3	366.24	7281.31
Feb-21	278.81	370.6	91.79	63	5782.77	346.31	459.54	113.23	10	1132.3	370.82	492.9	122.08	3	366.24	7281.31
Mar-21	278.81	370.6	91.79	63	5782.77	346.31	459.54	113.23	10	1132.3	370.82	492.9	122.08	3	366.24	7281.31
Apr-21	278.81	370.6	91.79	63	5782.77	346.31	459.54	113.23	10	1132.3	370.82	492.9	122.08	3	366.24	7281.31
May-21	278.81	370.6	91.79	63	5782.77	346.31	459.54	113.23	10	1132.3	370.82	492.9	122.08	3	366.24	7281.31
Jun-21	278.81	370.6	91.79	63	5782.77	346.31	459.54	113.23	10	1132.3	370.82	492.9	122.08	3	366.24	7281.31
Total																104659

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

भाग–दो (अ)

प्रस्तर संख्या–03 सेवा प्रदाता पर ₹ 76.98 लाख का अर्थदण्ड अधिरोपित न किया जाना।

विश्वविद्यालय में श्रमिकों की सेवाएं प्राप्त करने हेतु दिसम्बर 2019 में ई–निविदा प्रकाशित की गयी थी, जिसमें मेसर्स अलखनन्दा एसोसिएट्स, मेरठ को चयनित किया गया था। प्रश्नगत फर्म के साथ इकाई ने दिनांक 19.03.2020 को अनुबन्ध निष्पादित किया था। उक्त अनुबन्ध पत्र में निहित शर्त के अनुसार if the contractor violets any of the terms and conditions of this agreement, a penalty leading to a deduction up to maximum of 10 % of the total amount of bill.

वर्ष 2019–20 एवं 2020–21 की अवधि में मजदूरों की आपूर्ति के एवज में उसके द्वारा प्रस्तुत बिल के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा ₹ 769.80 लाख का भुगतान किया गया था।

अभिलेखों की जांच में पाया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा फर्म को भुगतान करते समय अनुबन्ध की निर्धारित शर्तों की अनदेखी की गयी जबकि सेवा प्रदाता द्वारा अनुबन्ध की कई शर्तों[1] का अनुपालन ही नही किया गया था, यहॉ तक कि उसके द्वारा श्रमिकों के ईपीएफ एवं ईएसआई के अंशदान को भी समय पर नही जमा किया गया था। विश्वविद्यालय द्वारा फर्म पर उक्त अनुबन्ध पत्र में निर्धारित अर्थदण्ड 10 प्रतिशत अर्थात् ₹ 76.98 लाख भी अधिरोपित न कर उसे अनुचित लाभ पहुँचाया गया।

आगे जांच में पाया गया कि अनुबन्ध दिनांक 10.03.2021 तक ही प्रभावी था। जेम के माध्यम से श्रमिकों की सेवाएं प्राप्त करने के शासन के स्पष्ट आदेश के बावजूद पुनः उसी फर्म को बिना किसी निविदा प्रकिया के अनुचित रूप से समय विस्तार करते हुए अनुबन्धित कर लिया गया जबकि पूर्व की अनुबन्धित प्रश्नगत शर्तों का शतप्रतिशत अनुपालन तक उक्त फर्म द्वारा नही किया गया था।

उक्त तथ्यों से स्पष्ट था कि विश्वविद्यालय येन केन प्रकारेण बार–बार उसी फर्म को अर्थात मेसर्स अलखनन्दा एसोसिएट्स मेरठ को ही कार्य दिया गया। क्योंकि निविदा प्रकिया के पूर्व भी मेसर्स अलखनन्दा एसोसिएट्स और जब निविदा प्रकिया अपनायी गयी तो पुनः मेसर्स अलखनन्दा और जब जेम का आदेश आया तो बिना कोई प्रकिया अपनाए मेसर्स अलखनन्दा एसोसिएट्स को ही समय विस्तार दिया गया।

---

1 1- Contractor did not submit detail of the names, parentage, residential address, etc. of the persons deployed by him in the presises, for the purpose of proper identification of the employees along with police verification.

2- Contaracot did not maintain muster roll at university premises which shall be open for inspection and checking by the authorised officers of university.

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

अनुबन्ध की शर्तें सेवा प्रदाता द्वारा पूरी न किए जाने का प्रकरण इंगित करने पर विश्वविद्यालय द्वारा अपने उत्तर में बताया (दिसम्बर, 2021) गया कि भविष्य में ध्यान रखा जायेगा।

सेवाप्रदाता पर ₹ 76.98 लाख का अर्थदण्ड अधिरोपित न किए जाने का उक्त प्रकरण प्रकाश में लाया जाता है।

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

भाग दो (अ)

प्रस्तर संख्या–04 पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पशुओं की बीमारियों की जांच की एकमात्र आधुनिक प्रयोगशाला पर अलाभकारी व्यय ₹ 261.00 लाख।

क–वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड पांच–5 भाग –1 के प्रस्तर 162 एवं 169 के अनुसार कोषागार से धन तभी आहरित किया जाना चाहिए जब उसके तुरन्त भुगतान की आवश्यकता हो। धन उतना ही आहरित किया जाना चाहिए जिसके तुरन्त व्यय की आवश्यकता हो।

बजट मैनुअल के प्रस्तर संख्या 174 के द्वारा भी यह स्पष्ट किया गया था कि कोषागार से धनराशि तभी आहरित किया जाना चाहिए जब उसकी तुरन्त आवश्यकता हो अन्यथा की स्थिति में इसे गम्भीर वित्तीय अनियमितता माना जाएगा।

उक्त दोनो प्रावधानों से स्पष्ट था कि कोषागार से धनराशि को आहरित करके उसे सरकारी खातों से अलग कर बैंक में पार्क नही किया जाना चाहिए।

शासन द्वारा पशु बीमारियों की जांच हेतु ऐसी अतिमहत्वपूर्ण आधुनिक प्रयोगशाला की स्थापना हेतु निर्णय लिया गया था जो कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं नही थी ना ही ऐसी कोई सुविधा उपलब्ध थी जिसके किसानों के पशुओं के रोगों की जांच की जा सके।

शासनादेश संख्या 158/12–3–2018–100 (08)/2018 दिनांक 07.03.2018 के द्वारा अनुदान संख्या 11 के लेखाशीर्षक 2401–फसल कृषि कर्म 800–अन्य व्यय 02 राष्ट्रीय कृषि विकास योजना 0214 सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ में Establishment of advance diagnostic laboratory for identification of livestock diseases in western U.P. हेतु मानक मद 20 सहायता अनुदान सामान्य मद में ₹100 लाख एवं मानक मद 35 पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान ₹ 150 लाख सहित कुल ₹ 250 लाख की वित्तीय स्वीकृति इस शर्त के साथ जारी की गयी थी कि

उक्त धनराशि के आहरित/व्यय करने में उत्तर प्रदेश बजंट मैनुअल और फाइनेन्सियल हैण्ड बुक के नियमों का पालन आवश्यक होगा।

स्वीकृत धनराशि कोषागार से आहरित करके बैंक खातों में न जमा की जाय, यह कृत्य वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में माना जाएगा।

इसी प्रकार, कृषि निदशालय के पत्रांक दिनांक 07.06.2018 द्वारा ₹ 41 लाख प्राप्त हुये थे।

प्रश्नगत प्राप्त धनराशि ₹ 291 लाख का व्यय निम्नांकित मदों मे प्रस्तावित था।

क्र0सं0	कार्य विवरण	धनराशि ₹ लाख में
1	प्रयोगशाला के जीर्णोद्धार हेतु	30.0
2	आवश्यक उपकरण	251.00
3	केमिकल्स, ग्लासवेयर, प्लास्टिक पेयर एवं अन्य	10.00
	योग	291.00

अभिलेखों की जांच (नवम्बर, 2021) में पाया कि परियोजना अन्वेषक द्वारा दिनांक 30.03.2018 को 30.00 लाख दैनिक मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य कराये जाने हेतु नामित कार्यदायी संस्था सीएण्डडीएस को उनके प्रारम्भिक आगणन के आधार पर स्थानान्तरित करने एवं उक्त प्रावधानों की अनदेखी करते हुए अवशेष धनराशि बिना बिल/वाउचस अर्थात बिना तात्कालिक आवश्यकता के कोषागार से आहरित करके बैंक खाते में रखना प्रस्तावित किया गया था। जिसके कारण प्रश्नगत धनराशि ₹ 220.00 लाख अनुचित रूप से अर्थात् उक्त प्रावधानों के विपरीत जाकर कोषागार से आहरित करके विश्वविद्यालय के सामान्य खाते में अन्तरित कर दी गयी (मार्च, 2018)। स्रोत पर बिना कोई कर काटे धनराशि ₹ 30.00 कार्यदायी को हस्तांतरित कर दी गयी।

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

इसी प्रकार, कृषि निदेशालय के पत्रांक दिनांक 07.06.2018 द्वारा ₹ 41 लाख प्राप्त धनराशि को भी 07 मार्च 2019 को विश्वविद्यालय के खाते में अन्तरित कर दिया गया।

आगे जांच में पाया गया कि प्रश्नगत धनराशि फरवरी 2020 तक शासकीय खातों से अलग कर लगभग 23 माह बैंक खातों में अवरूद्ध करके ब्याज अर्जित की गयी जिसका समायोजन भी नही किया गया। धनराशि व्यय करने हेतु प्रशासनिक स्वीकृति 18 माह बाद प्राप्त की गयी इसके अतिरिक्त तकनीकी समिति द्वारा भी एक वर्ष से अधिक समय प्रकरण निस्तारण में लिया गया। शासन द्वारा धनराशि के एकमुश्त आहरण पर प्रतिबन्ध था फिर भी शासन के निर्देशों एवं वित्तीय नियमों की अनदेखी करते हुए बिना बिल/वाउचर अर्थात बिना किसी तात्कालिक आवश्यकता के प्रश्नगत धनराशि आहरित करके अवरूद्ध कर ली गयी।

जांच में पाया गया कि शासन द्वारा धनराशि का डायवर्जन दूसरे मद में पूर्ण प्रतिबन्धित होने के बावजूद पोल्ट्री रिसर्च एण्ड ट्रेनिग सेन्टर का विज्ञापन, विवि परिसर में सेनेट्री वर्क्स वाटर कूलर रिपेरिंग सामग्री की आपूति एवं विवि परिसर में साफ–सफाई आदि हेतु दर अनुबन्ध के विज्ञापनों पर ₹ 96253 का अनुचित भुगतान मार्च 2019 में दैनिक जागरण एवं अमर उजाला को तथा इसी प्रकार विवि परिसर में साफ–सफाई कार्य हेतु दर अनुबन्ध आदि हेतु मेसर्स हिन्दुस्तान मीडिया वैन्चर्स को जनवरी 2020 में बिल संख्या 1803460692 दिनांक 01.01.2020 के सापेक्ष अनुचित मदों पर ₹ 105840.00 का भुगतान इसी प्रोजेक्ट से कर दिया गया।

इस प्रकार विश्वविद्यालय द्वारा उक्त अतिमहत्वपूर्ण परियोजना में रूचि न लेने से परियोजना निर्धारित समय से पूर्ण नही की जा सकी। जिसके कारण शासन द्वारा किए गए पूँजी निवश का लाभ स्थानीय जनता विशेषकर किसानों एवं छात्रों को नही मिल सका। सरकार का किसानों आय दुगुनी करने का उद्देश्य भी निश्चित रूप से प्रभावित हुआ। एक वर्ष की अवधि में पूर्ण की जाने वाली प्रश्नगत परियोजना लगभग चार वर्ष बाद भी पूर्ण नही की जा सकी।

सम्प्रेक्षा द्वारा इंगित करने पर विश्वविद्यालय ने अपने उत्तर में स्वीकार किया (दिसम्बर, 2021) कि पत्रावली तकनीकी समिति स्तर पर लम्बित रही जिसके कारण निविदा प्रकाशित करने एवं परियोजना कार्यों को समय पर पूर्ण नही किया जा सका। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराया गया कि सिविल कार्यों को भी समय से पूर्ण नही किया जा सका।

इकाई का उत्तर सम्प्रेक्षा के बिन्दुओं की स्वतः पुष्टि करता है।

ख–आरकेवाई परियोजना के अन्तर्गत to look after the prevention and treatment aspects of various prevailing livestock diseases in this region. The farmers and livestock keepers would be direct beneficiaries by saving prevailing diseases. के उद्देश्य से Establishment of advance diagnostic laboratory for identification of live-stock diseases in western UP शासनादेश संख्या 158/12.3.2018.100(08)/2018 दिनांक 07.03.2018 के द्वारा ₹ 250 लाख की वित्तीय स्वीकृत निर्गत की गयी थी। वर्ष 2018.19 में कुछ धनराशि और स्वीकृत होने के कारण उपकरण मद में ₹ 51.00 लाख 75 अदद उपकरणों हेतु प्रावधानित हो चुकी थी। विश्वविद्यालय द्वारा संलग्न विवरणानुसार माह फरवरी 2020 से सितम्बर 2021 के मध्य ₹ 250.50 लाख के उपकरण विभिन्न फर्मों से क्रय कर उन्हें भुगतान किया गया था।

अभिलेखों जांच (नवम्बर, 2021) में पाया गया कि ₹ 291.00 करोड़ का प्रश्नगत परियोजना का प्रस्ताव बिना उपकरणों के विशिष्टीकरण निर्धारित किए स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया था। ऐसी स्थिति में उपकरणों पर व्यय होने वाली धनराशि का सही आकलन करना संभव नही था। अत्यन्त कीमती एवं महत्वपूर्ण उपकरणों के सत्यापन हेतु विशेषज्ञों की टीम तक गठित नही की गयी थी। आपूर्तित उपकरणों के अधोमानक

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

निष्पादन क्षमता की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता। उक्त तथ्यों से स्पष्ट था कि विश्वविद्यालय द्वारा सरकारी धन को व्यय करते समय वित्तीय औचित्य के मानकों की अनदेखी की गयी।

आगे जांच में पाया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रश्नगत ₹ 250.50 लाख के उक्त महत्वपूर्ण उपकरणों के आपूर्ति आदेश फर्म से किसी प्रकार का अनुबन्ध निष्पादित किए बिना जारी कर दिए गए।

उक्त विशिष्ट उपकरणों के संचालन हेतु फर्मो द्वारा प्रशिक्षण आदि, उनके स्पेयर पार्टस आदि की आपूर्ति एवं उनके रखरखाव हेतु कोई अनुबन्ध आदि भी नही किया गया। तीन वर्षों से अधिक समय बीत जाने के पश्चात भी उक्त परियोजना प्रारम्भ नही की जा सकी थी।

आगे पाया गया कि प्रयोगशाला के संचालन हेतु दो नियमित प्रयोगशाला सहायक, दो नियमित तकनीशियन, एक सफाई कर्मचारी एवं एक लिपिक की कम से कम आवश्यकता थी किन्तु मानव संसाधन की व्यवस्था सम्प्रेक्षावधि तक विश्वविद्यालय द्वारा नही की गयी जिसके कारण क्रयित उपकरण एवं मशीनों का उपयोग निर्धारित उद्देश्यों के अनुरूप नही किया जा सका था।

सम्प्रेक्षा द्वारा इंगित करने पर विश्वविद्यालय ने अपने उत्तर में स्वीकार किया (दिसम्बर, 2021) कि उक्त अतिमहत्वपूर्ण प्रयोगशाला के संचालन हेतु मानव संसाधन की तैनाती अनिवार्य थी जो नही हो सकी तथा यह भी स्वीकार किया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ऐसी कोई प्रयोगशाला नही है जिससे पशुओं के बीमारियों की जांच की जा सके।

इकाई का उत्तर सम्प्रेक्षा के बिन्दुओं की स्वतः पुष्टि करता है।

इस प्रकार, ₹ 261.00 लाख की धनराशि शासकीय खातों से अलग करके बैंक खातों में 30 माह से अधिक समय तक अवरूद्ध रखने तथा अर्जित व्याज का समायोजन न किए जाने एवं मानव संसाधन की तैनाती न होने से ₹ 250.50 लाख के क्रयित उपकरण निष्क्रिय रहने परिणामस्वरूप अतिमहत्वपूर्ण आधुनिक प्रयोगशाला का सफल संचालन न हो पाने का उक्त प्रकरण शासन के संज्ञान में लाने हेतु प्रकाश में लाया जाता है।

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

संलग्नक

Establishment of advance diagnostic laboratory fpr identification of live-stock diseases in western UP
List of scientific equipment

Sl. N0.	Bill/ Challan/ Invoice No.	Date	Name of Equipment	Name of Firm	Amount in Rs.
1	019	03.09.20	Slide War.Table etc.	M/S BIOGEN SCIENTIFIC"MEERUT	293790.00
2	020	03.09.20	HOT AIR OVEN etc.	M/S BIOGEN SCIENTIFIC"MEERUT	86625.00
3	2734	17.02.20	Waste Container etc.	Macflow Engineering pvt.Ltd. Delhi	455267.00
4	100004719	05.10.20	Moleculer imager Gel etc.	Genetix Biotech Asia Pvy.Ltd. New Delhi	898800.00
5	100004653	28.09.20	SPECTROPHOTOMETER etc.	Genetix Biotech Asia Pvy.Ltd. New Delhi	811415.00
6	100004652	28.09.20	Touch Cycler etc.	Genetix Biotech Asia Pvy.Ltd. New Delhi	375000.00
7	1589	18.11.20	LMBR50LX	Macflow Engineering pvt.Ltd. Delhi	1770000.00
8	100005397	10.11.20	PCR Detection System etc.	Genetix Biotech Asia Pvy.Ltd. New Delhi	1733550.00
9	100005394	10.11.20	Liquid Nitrogen Container ect.	Scientific and Digital Systema New Delhi	60165.01
10	5396	10.11.20	Eletrophoretic	Scientific and Digital Systema New Delhi	154777.00
11	5392	10.11.20	Mini-sub cell gel etc.	Scientific and Digital .Systema New Delhi	365786.01
12	5393	10.11.20	Mini-protean etc.	Scientific and Digital Systema New Delhi	421000.00
13	1592	18.11.20	Dual wave length	Macflow Engineering pvt.Ltd. Delhi	92276.00
14	1591	18.11.20	Electronic weighing	Macflow Engineering pvt.Ltd. Delhi	90000.00
15	1595	19.11.20	Steripette	Macflow Engineering pvt.Ltd. Delhi	33056.00
16	1594	19.11.20	Spinix	Macflow Engineering pvt.Ltd. Delhi	11204.00
17	1593	18.11.20	IFMSO ICE	Macflow Engineering pvt.Ltd. Delhi	140800.00
18	244	20.01.21	AUTOPSY TABLE	York Scientific Industries pvt.ltd. Ghaziabad	582400.00
19	243	20.01.21	Microslide etc.	York Scientific Industries pvt.ltd. Ghaziabad	166285.00
20	241	20.01.21	Autopsy etc.	York Scientific Industries pvt.ltd. Ghaziabad	139104.00
21	242	20.01.21	Tissue Flotation Bath etc.	York Scientific Industries pvt.ltd. Ghaziabad	43220.00
22	10824868	23.01.21	Dell Intel Core	GeM KESAR ENTERPRISES Meerut	101992.50
25	1805	12.12.20	Phenol.etc.	Macflow Engineering pvt.Ltd.	199495.00

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

				Delhi	
26	2353	11.02.21	Transferpette S-12	Macflow Engineering pvt.Ltd. Delhi	92098.0043
27	2354	11.02.21	Transferpette S-12	Macflow Engineering pvt.Ltd. Delhi	80185.00
28	2358	11.02.21	Microliter Pipette	Macflow Engineering pvt.Ltd. Delhi	21240.00
29	1930	28.12.20	Multiwell plate shaker	Macflow Engineering pvt.Ltd. Delhi	53308.00
30	2357	11.02.21	Microliter Pipette	Macflow Engineering pvt.Ltd. Delhi	21240.00
37	01090	19.03.21	Verterinary Hematology etc.	SymBio Scientific Pvt.Ltd. New Delhi	1227000.00
42	1058	07.09.21	Elisa Reader Filter	Macflow Engineering pvt.Ltd. Delhi	1637250.00
43	1193	21.09.21	Trinoculer Inverted Microscope	Macflow Engineering pvt.Ltd. Delhi	542000.00
44	0738	30.07.21	LED Display	Macflow Engineering pvt.Ltd. Delhi	1230000.00
45	158	21.01.21	Color Meter-hunter Lab	Scientific and Digital Systema New Delhi	819000.00
47	997	03.03.21	Lap Top etc.	Kesar Enterprises Meerut	227700.00
48	996	03.03.21	Maxell MC	Kesar Enterprises Meerut	101000.00
49	018	03.09.20	Dalla Making Machin etc.	Macflow Engineering pvt.Ltd. Delhi	619416.00
50	060	15.02.21	Dicer etc.	Macflow Engineering pvt.Ltd. Delhi	1276300.00
51	065	01.03.21	Automatic Fat Analyzer etc.	Macflow Engineering pvt.Ltd. Delhi	1204546.06
52	080	17.03.21	Bag Filling Machine etc.	Macflow Engineering pvt.Ltd. Delhi	460900.00
53	222	10.03.21	Fruit & Vegetable Juicer etc.	Comptroller,University of Ag & Tech Meerut	108872.00
54	605	23.02.21	Foss NIRS etc.	FOSS India pvt,ltd. Mumbai	3850580.00
55		19.03.21	Texture Analyser etc.	Scientific and Digital Systema New Delhi	2460150.00
Total					

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

भाग दो (अ)

प्रस्तर संख्या–05 171.74 लाख का अलाभकारी व्यय।

To produce value-added and innovative products from cereals, pulses, oilseeds, fruits and vegetables for income generation in university, quality evaluation of value added products for consumer acceptability and to oraganise development programme at Agro Pocessing Centre for rual youths, women and farmers in order to enhance their income etc., के उद्देश्य से अनुदान संख्या 11 के लेखाशीर्षक 2401 फसल कृषि कर्म 800 अन्य व्यय 02 राष्ट्रीय विकास योजना (के0 60/रा0 40) 0214 सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के अन्तर्गत मूल्य सम्बर्द्धन आधारित एग्रो प्रोसेसिंग केन्द्र की स्थापना हेतु वर्ष 2018–19 हेतु ₹ 500.00 लाख प्राविधानित करते हुए शासनादेश संख्या 533/12–3–2019–100(08)/2018 दिनांक 24.05.2018 के माध्यम से ₹ 205.20 लाख की धनराशि विश्वविद्यालय के निवर्तन में रखे जाने की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान की गयी थी कि आहरण वितरण अधिकारी कोषागार से धनराशि का आहरण तत्काल आवश्यकता होने पर ही करेंगे ना कि आहरित करके बैंक में जमा करेगें। प्रश्नगत धनराशि का व्यय दिनांक 30.09.2019 तक किया जाना अनिवार्य था, जिसका उपयोगिता प्रमाण प्रस्तुत करने के पश्चात विश्वविद्यालय को द्वितीय किश्त प्राप्त करनी थी। स्वीकृत धनराशि में सहायता अनुदान सामान्य ₹ 25.20 लाख एवं पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु ₹ 180.00 लाख सम्मिलित थे। सम्प्रेक्षावधि तक प्रश्नगत धनराशि में से ₹171.74 लाख व्यय किए जा चुके थे तथा ₹33.46 लाख सम्प्रेक्षावधि तक व्यय नही हो सके थे। अभिलेखों की जांच (नवम्बर, 2021) में पाया गया कि

1. अगस्त 2019 में कुलपति द्वारा ₹ 175.20 लाख कोषागार से आहरित करने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी जिसे आहरित करके उक्त शासनादेश के प्रावधानों की अनदेखी करते हुए तथा वित्तीय प्रावधानों के विपरीत जाकर बैक खाते में अंतरित कर ली गयी।
2. अक्टूबर 2019 में ₹ 150 लाख के 88 अदद विभिन्न उपकरणों के क्रय हेतु निविदा प्रकिया प्रारम्भ की गयी थी जिसमें पॉच निविदाएं विश्वविद्यालय को प्राप्त हुयी थी। तकनीकी बिड दिनांक 04.11.2019 को खोली गयी थी जिसमें सभी पॉचों फर्म मेसर्स बायोजेन साइंसटिफिक शास्त्री नगर मेरठ, मेसर्स कम्पोजिट लैब लाइन प्राइवेट लिमिटेड गाजियाबाद, मेसर्स बजाज प्रासेस पाक लिमिटेक नोयड, मेसर्स लैब सेल्स कारपोरेशन नई दिल्ली, एवं मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एण्ड केमिकल दिल्ली को असफल घोषित करते हुए निविदा प्रकिया को रद्द कर दिया गया था जबकि कई फर्में विश्वविद्यालय में कई उपकरण पहले भी आपूर्ति कर चुकी थीं।
   आगे जांच में पाया गया कि उन्ही उपकरणों हेतु उन्ही विशिष्टियों के साथ पुनः निविदा प्रकिया करते हुए तकनीकी बिड दिनांक 31.01.2020 को खोली गयी और इस बार उन्ही असफल उक्त फर्मों को मेसर्स बायोजेन साइटिफिक शास्त्री नगर मेरठ, एवं मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एण्ड केमिकल दिल्ली को सफल घोषित कर दिया गया। स्पष्ट था कि समिति द्वारा तत्समय तार्किक निर्णय न लेने के कारण विश्वविद्यालय की प्रश्नगत परियोजना का विलम्बित किया गया।
3. कयित उपकरणों की अभिलेखों की जांच में पाया गया कि निम्नांकित उपकरण/मशीनें मात्र दो फर्मों के दरों के आधार पर क्रय किए गए जबकि न्यूनतम फर्मों के मानक का अनुपालन न करके विश्वविद्यालय को व्यापक तुलनात्मक दरों के लाभ से वंचित किया गया।

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

क्र0सं0	उपकरण का नाम	फर्म का नाम	धनराशि ₹
1	दाल मिल	मेसर्स मॉ दुर्गा प्लास्टिक प्रोडक्ट कम्पनी अकोला	119900
2	फूट एवं वेजीटेएल स्लाइसर	मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एवं केमिकल दिल्ली	46964
3	ग्रेन ग्रेडर	मेसर्स मॉ दुर्गा प्लास्टिक प्रोडक्ट कम्पनी अकोला	59000
4	मैजे सेलर	मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एवं केमिकल दिल्ली	51920
5	मिनी राइस मिल	मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एवं केमिकल दिल्ली	223020
6	नुडल मेकिंग मशीन	मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एवं केमिकल दिल्ली	37960
7	आयल फिल्टर	मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एवं केमिकल दिल्ली	92040
8	पिकल मिक्सर	मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एवं केमिकल दिल्ली	99120
9	पोटैटो पीलर	मेसर्स बायोजन साइटिफिक शास्त्री नगर, मेरठ	33395
10	राइस पालीसर	मेसर्स बायोजन साइटिफिक शास्त्री नगर, मेरठ	83265
11	स्टीचिंग मशीन	मेसर्स मॉ दुर्गा प्लास्टिक प्रोडक्ट कम्पनी अकोला	9900
12	वइंग मशीन	मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एवं केमिकल दिल्ली	20296
13	इलेक्ट्रानिक बेलेन्स	मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एवं केमिकल दिल्ली	11564
14	इलेक्ट्रानिक बेलेन्स	मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एवं केमिकल दिल्ली	12862
15	इलेक्ट्रानिक बेलेन्स	मेसर्स बायोजन साइटिफिक शास्त्री नगर, मेरठ	81420
16	टाटोक्लेव	मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एवं केमिकल दिल्ली	68440
17	बेकिंग ओवन	मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एवं केमिकल दिल्ली	58410
18	बैलेसिंग मशीन	मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एवं केमिकल दिल्ली	56640
19	बीओडी इन्क्यूबेटर विद स्टैबिलाइजर	मेसर्स बायोजन साइटिफिक शस्त्री नगर, मेरठ	73395
20	डीप फीजर विद स्टैबिलाइजर	मेसर्स बायोजन साइटिफिक शास्त्री नगर, मेरठ	75600
21	डिजिटल मेल्टिंग प्वाइंट आपरेटस	मेसर्स बायोजन साइटिफिक शास्त्री नगर, मेरठ	47250
22	डिजिटल पीएच मीटर	मेसर्स बायोजन साइटिफिक शास्त्री नगर, मेरठ	9345
23	फूट प्रेशर टेस्टर	मेसर्स बायोजन साइटिफिक शास्त्री नगर, मेरठ	43071
24	डिजिटल हयूमिडिटी थर्मामीटर	मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एवं केमिकल दिल्ली	1770
25	हीट सीलिंग मशीन	मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एवं केमिकल दिल्ली	11564
26	मफल फरनेस	मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एवं केमिकल दिल्ली	34220
27	रिफ्रेक्टोमीटर	मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एवं केमिकल दिल्ली	7257
28	सीव सेकर	मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एवं केमिकल दिल्ली	23010
29	आयल बाथ	मेसर्स बायोजन साइटिफिक शास्त्री नगर, मेरठ	24780
30	स्पेक्टोफोटो मीटर	मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एवं केमिकल दिल्ली	57820
31	वर्नियर कैलीपर्श	मेसर्स बायोजन साइटिफिक शास्त्री नगर, मेरठ	4725
32	डिजिटल टेम्पेरेचर मीटर	मेसर्स सन्दीप इन्स्ट्रूमेन्ट एवं केमिकल दिल्ली	1770
		योग	1581693

उक्त 32 उपकरण धनराशि ₹15.82 लाख आय करके मात्र दो फर्मो द्वारा उपलब्ध करायी गयी दरों के आधार पर क्रय किया गया था, जो अनुचित था।
इसके अतिरिक्त एक प्लास्टिक की फर्म से दाल मिल, स्टीचिंग मशीन एवं ग्रेन ग्रेडर पर क्रय किया गया।

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

आगे जांच में पाया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा उपकरण एवं मशीनों के कय हेतु तीसरी फर्म जो प्लास्टिक प्रोडक्ट की फर्म[2] थी, जोकि उपकरण/मशीनों की निर्माता फर्म नही हो सकती थी, को अनुचित रूप से डमी फर्म के रूप दिखाकर व्यापक तुलनात्मक दरों के लाभ से विश्वविद्यालय को वंचित कर दिया गया।

4. जुलाई 2020 में विश्वविद्यालय के मुख्य अन्वेषक द्वारा निविदा प्रकिया को दो भागो में विभाजित कर दिया गया निविदा एक जिसमें फूड प्रोसेसिंग मशीने एवं उपकरण रखे गये जिसकी धनराशि ₹ 40.00 लाख एवं निविदा दो जिसमें फुड एनालिसिस उपकरण रखे गए जिसकी धनराशि ₹ 90.84 लाख चिन्हित की गयी। आगे जांच में पाया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा नवम्बर 2020 में एवं दिसम्बर 2020 में बिना किसी समुचित आधार के अल्पकालीन निविदा के माध्यम से जेम से बाहर जाकर निविदा प्रकिया की गयी।
5. कार्यालय आदेश संख्या 1042 दिनांक 08.12.2021 द्वारा एनआईआर फूड एनालाइजर मेसर्स फास इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड से धनराशि ₹3850580 पर एवं टेक्सर एनालाईजर विद एसेसरीज मेसर्स साइंटिफिक एण्ड डिजिटल सिस्टम नई दिल्ली से धनराशि ₹2460150 पर कय की गयी थी। जिसमें अधिकांश उपकरण/मशीनें स्थापित दिखायी गयीं जबकि लागबुक के अभाव में उनकी कियाशीलता सम्प्रेक्षा में सत्यापित नही की जा सकी थी।
6. उक्त परियोजना पर चिन्हित धनराशि सितम्बर 2019 तक व्यय की जानी थी किन्तु सम्प्रेक्षावधि तक विश्वविद्यालय ₹ 33.46 लाख व्यय नही कर सका। विश्वविद्यालय की शिथिलता के कारण परियोजना की समयबद्धता प्रभावित हुयी।
7. विश्वविद्यालय द्वारा कय किय गए मशीनों/उपकरणों की मात्र निम्नांकित स्थापना रिपोर्ट सम्प्रेक्षा को उपलब्ध करायी गयीं।

क्र0सं0	उपकरण का नाम
1	बीओडी इन्क्यूबेटर
2	एबीबीई रिफेक्टोमीटर, पोटेटो पीलर
3	डीप फीजर, फूट प्रेशर टेस्टर
4	आयल बाथ, दलिया मशीन, पीएच मीटर
5	राइस पालीसर
6	स्पाइस ग्राइण्डर, वैक्यूम पैकिंग मशीन
7	फूट कशर, सेन्टीफयूज, आयल फ
8	थर्मो एरामीटर
9	पाउच सीलिंग मशीन, वाइटनेश मीटर
10	प्रोटीन स्टीमेशन सिस्टम
11	आटोमेटिक फैट एनालाइजर
12	आटोमेटिक प्रोटीन एनालायजर विद कम्प्यूटर प्रिन्टर
13	फाइबर इक्सटेक्शन सिस्टम विद कम्प्यूटर सिस्टम
14	वाटर बाथ, बिस्कोमीटर, राइस ग्राइण्डर
15	बैग फिलिंग मशीन

8. प्रश्नगत मशीनों/संयत्रों/उपकरणों की [illegible] गारण्टी की शर्तें एवं उनके पार्ट्स आदि की आपूर्ति तथा उनके [illegible] [illegible] प्रशिक्षण आदि की सेवा शर्तें समाहित करते हुए आपूर्तिकर्ता फर्मों [illegible] अनुबन्ध निष्पादित किये बिना इण्डेटर द्वारा आपूर्ति आदेश जारी किए गए [illegible]।

[2] M/s Maa Durga Plastic Products, J-19MIDC, [illegible] Akola (MS)

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

9. जो भी संयत्र/मशीनें आदि रखी गयी हैं उनमें किसी में भी न तो मोटर स्टार्टर आदि स्थापित होने के साक्ष्य थे एवं ना ही उनकी लागबुकें आदि थीं। ऐसी स्थिति में मशीनों/संयत्रों की स्थापना रिपोर्ट सम्प्रेक्षा में सत्यापित नही की जा सकी थीं।
10. स्पेलर, फ्लोर मिल, धान मिल जैसे अत्यधिक विद्युत खपत वाली मशीनों हेतु विश्वविद्यालय को विभाग का विद्युत भार पुनरीक्षित किया जाना आवश्यक था किन्तु ऐसा नही किया गया था जिसके बिना मशीनों का संचालन संभव नही था।
11. आगे जांच में यह भी पाया गया कि उक्त परियोजना हेतु आपूर्तित अधिकांश उपकरण एवं मशीनें जैसे स्पेलर आदि अभी भी पैक्ड पडे हुये थे एवं जो कुछ उपकरण अनपैक्ड किए गए थे उन्हें भी जमीन से फिक्स नही किया गया था। जिससे स्पष्ट था कि स्थापना की कार्यवाही नियमानुसार पूर्ण नही करायी गयी एवं बिना मशीनों/उपकरणों को पूर्ण स्थापित किए एवं तकनीकी वेरीफिकेशन कराए फर्म को भुगतान कर दिया गया जो अनुचित था।
उक्त तथ्यों से स्पष्ट था कि परियोजना के अन्तर्गत आवंटित धनराशि का उपयोग करते समय जहां एक ओर विश्वविद्यालय द्वारा वित्तीय नियमों एवं शासनादेशों के प्रावधानों की अनदेखी की गयी वहीं दूसरी ओर निर्धारित अवधि के 26 माह बाद भी प्रश्नगत परियोजना का प्रथम फेज तक पूर्ण नही कर सका। साथ ही परियोजना के निर्धारित उक्त उद्देश्यों में किसी एक भी पूर्ति विश्वविद्यालय नही कर सका। परिणामस्वरूप शासन द्वारा किए गए पूँजी निवेश एवं परियोजना के लाभ से छात्र, किसान एवं स्थानीय जनता वंचित रही तथा विश्वविद्यालय अपने आय के स्रोतों पर बृद्धि करने में बिफल रहा। इसप्रकार, परियोजना पर किया गया व्यय ₹ 171.74 लाख अलाभकारी रहा।

सम्प्रेक्षा द्वारा इंगित करने पर विश्वविद्यालय द्वारा अपने उत्तर में बताया (दिसम्बर, 2021) गया कि संयत्र/मशीनों को चलाने की कोई वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था नही है, इन्हें चलाने हेतु विद्युत भार में बृद्धि हेतु कार्यवाही की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण कराकर ही मशीनों का संचालन किया जाएगा।

उत्तर से स्वतः स्पष्ट है कि प्रश्नगत परियोजना में उक्त भारी धनराशि व्यय होने के पश्चात उसे प्रारम्भ नही किया जा सका जिसके कारण बेरोजगार युवक, कृषक, महिला व छात्रों को स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य की प्राप्ति न होने के साथ साथ विश्वविद्यालय अपने आय के स्रोत भी बढाने में विफल रहा।

आगे यह भी अवगत कराया गया था कि क्रय किए गए समस्त उपकरण स्थापित किए जा चुके हैं।

उत्तर मान्य नही है क्योकि तथ्यों से स्पष्ट था कि अधिकांश उपकरण पैक्ड स्थिति में एक कक्ष में भण्डारित थे।
इस प्रकार, ₹ 171.74 लाख के अलाभकारी व्यय का उक्त प्रकरण शासन के संज्ञान में लाने हेतु प्रकाश में लाया जाता है।

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

भाग दो (अ)

प्रस्तर संख्या–06 बायो तकनीक के प्रयोग से बासमती धान पर अनुसंधान के लिए सेन्टर आफ एक्सीलेन्सी आफ बासमती राइस की 5.15 करोड की परियोजना में विश्वविद्यालय द्वारा रूचि न लिए जाने, व्यापक शिथिलता बरतने एवं शासन के निर्देशों की अनदेखी करने के कारण निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने में विफल होना।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत Development of knowledge hub basmati rice, capacity builfing of basmati rice stakeholders, Bio-intensive management of biotic and a-biotic stress and development of good management practices in basmati rice, identification of hotspot regarding pest disease, pesticide residues and heavy metals, to study the impact of climate change on basmati rice production, and quality of basmati rice अर्थात् बायो तकनीक के प्रयोग से बासमती धान पर अनुसंधान के लिए सेन्टर आफ एक्सीलेन्सी आफ बासमती राइस की स्थापना करने उद्देश्य से शासनादेश संख्या 34/2018/1937/67–कृषिअ–18–1500 (62)/18 दिनांक 27.08.2018 द्वारा ₹ 515.25 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गयी थी। वर्ष 2018–19 में प्रश्नगत परियोजना हेतु ₹ 200.00 लाख का प्रावधान करते हुए ₹100.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गयी थी (अगस्त, 2018)। चूंकि यह समयबद्ध परियोजना थी जिसे चरणबद्ध तरीके से पॉच वर्षों में पूर्ण किया जाना था। अतः उक्त आवंटित धनराशि का उपयोग दिनांक 31.03.2019 तक किया जाना अनिवार्य था।

वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड पांच–5 भाग –1 के प्रस्तर 162 एवं 169 के अनुसार कोषागार से धन तभी आहरित किया जाना चाहिए जब उसके तुरन्त भुगतान की आवश्यकता हो। बजट मैनुअल के प्रस्तर संख्या 174 के द्वारा भी यह स्पष्ट किया गया था कि कोषागार से धनराशि तभी आहरित किया जाना चाहिए जब उसकी तुरन्त आवश्यकता हो अन्यथा की स्थिति में इसे गम्भीर वित्तीय अनियमितता माना जाएगा।

अभिलेखों की जांच (नबम्बर, 2021) में पाया गया कि दिनांक 28.03.2019 को विश्वविद्यालय द्वारा प्रश्नगत ₹ 100.00 लाख की धनराशि बिना बिल/वाउचर के उक्त वित्तीय एवं बजट मैनुअल के प्रश्नगत प्रावधानों के विपरीत जाकर विश्वविद्यालय द्वारा कोषागार से आहरित करके खाते में अंतरित कर ब्याज अर्जित की गयी। अन्ततः बिना कोई व्यय किए आहरित धनराशि पुनः राजस्व शीर्ष में दिनांक 09.09.2019 को जमा कर दी गयी। विश्वविद्यालय द्वारा प्रश्नगत परियोजना के संचालन में रूचि न लिए जाने/शिथिलता बरतने के कारण वित्तीय वर्ष में प्रावधानित धनराशि ₹ 200.00 लाख का उपयोग करने में विश्वविद्यालय पूर्णतः विफल रहा जिससे प्रश्नगत समयबद्ध परियोजना की स्थापना बाधित हुयी। इसके अतिरिक्त उक्त शासनादेश संख्या 5/2020/194/67–कृषिअ–20–1500(62) /16 टीसी दिनांक 12.02.2020 को एक बार पुनः ₹ 50.00 लाख की स्वीकृति इसी परियोजना हेतु इस शर्त के साथ जारी की गयी कि धनराशि का व्यय दिनांक 31.03.2020 तक अनिवार्य रूप से कर लिया जाय ताकि निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से हो जाए और इसके व्यय का उत्तरदायित्व निदेशक शोध एवं कुलपति का निर्धारित किया गया था।

जांच में पाया गया कि प्रयोगशालाओं/कक्षों के रिनोवेशन एवं फर्निशिंग आदि कार्यों को सम्पन्न कराने के उद्देश्य से ₹ 45.00 लाख की धनराशि नामित कार्यदायी संस्था उ0प्र0समाज कल्याण निगम को बिना स्रोत पर करों की कटौती किए दिनांक 31.03.

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

2020 को हस्तांतरित कर दी गयी जिससे सम्बन्धित वित्तीय भौतिक प्रगति आख्या सम्प्रेक्षा में उपलब्ध न कराए जाने के कारण धनराशि के उपयोग का सत्यापन नही हो सका। एक बार पुनः अवशेष धनराशि ₹ 5.00 लाख उपकरणों के क्रय करने में विश्वविद्यालय द्वारा रूचि न लिए जाने के कारण समर्पित करनी पडी।

शासनादेश संख्या 26 / 2020 / 1241 / 67–कृषिअ–20–1500(62) / 16 टीसी दिनांक 13.10.2020 द्वारा इसी परियोजना हेतु वर्ष 2020–21 में पुनः ₹ 100.00 लाख का प्रावधान करते हुए ₹ 25.00 लाख की स्वीकृति जारी की गयी। धनराशि का उपयोग दिनांक 31.03.2021 तक अनिवार्य रूप से किया जाना था। विश्वविद्यालय द्वारा उपकरणों की क्रय प्रकिया दिसम्बर 2020 में की गयी किन्तु पुनः विश्वविद्यालय द्वारा रूचि नही ली गयी और शिथिलता बरती गयी परिणामस्वरूप मार्च 2021 तक परियोजना हेतु चिन्हित 52 उपकरणों के सापेक्ष मात्र 18 उपकरण ही धनराशि ₹ 24.87 लाख व्यय करके क्रय किए जा सके थे और प्रश्नगत वित्तीय वर्ष में प्रावधानित अवशेष धनराशि का उपयोग करने में पुनः विफल रहा। उक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि उक्त परियोजना के समय पर पूर्ण करके स्थानीय जनता विशेषकर कृषको को उसका लाभ पहुँचाने हेतु शासन द्वारा हर संभव प्रयास किया गया किन्तु विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक बार परियोजना में कोई रूचि नही ली गयी।

आगे जांच में यह भी प्रकाश में आया कि शासन द्वारा धनराशि का आवंटन वर्ष 2018–19 में हुआ था। इन तीन वर्षों (2018–21) में विश्वविद्यालय को परियोजना के कई महत्वपूर्ण कार्य चरणबद्ध तरीके[3] से पूर्ण कर लेने थे। किन्तु प्रश्नगत निर्धारित कोई भी कार्य विश्वविद्यालय द्वारा नही किए गए। परिणामस्वरूप कृषि की उक्त अतिमहत्वपूर्ण परियोजना विश्वविद्यालय द्वारा रूचि न लिए जाने के कारण शिथिलता की भेंट चढ गयी और स्थानीय जनता विशेषकर कृषक एवं छात्र परियोजना के लाभ से वंचित रहे। साथ ही यहाँ यह विशेष उल्लेखनीय था कि विश्वविद्यालय द्वारा उक्त परियोजना की प्रगति की भ्रामक सूचनाएं शासन को प्रेषित की गयीं जो कि गंभीर प्रकरण था। अन्ततः परियोजना को असफल करने वाले सम्बन्धितों की जांच करके उनके बिरूद्ध कार्यवाही हेतु शासन के पत्र दिनांक 24.02.2021 के द्वारा कुलपति को निर्देश जारी किए गए, किन्तु विश्वविद्यालय द्वारा शासन के उक्त निर्देशों की अनदेखी की गयी और न तो कोई जांच की गयी एवं न ही किसी के बिरूद्ध कोई कार्यवाही ही की गयी। इस प्रकार विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली से यह स्पष्ट था कि निकट भविष्य में भी इस परियोजना को गति देने की कोई संभावना नही थी।

उक्त उपकरणों के व्यय सम्बन्धी बिलों एवं सम्बन्धित अन्य अभिलेखों की जांच में पाया गया कि अधिकांश भुगतान उपकरणों के बगैर स्थापित (18 मे से 11 गैर स्थापित) एवं मानव संसाधन को बगैर प्रशिक्षित किए ही कर दिए गए थे जो अनुचित था। आपूर्तित उपकरणों के गारण्टी / वारण्टी सम्बन्धी अभिलेखों से स्पष्ट था कि अधिकांश उपकरणों की वारण्टी आदि भी समाप्त हो रही थी।

---

[3]प्रथम वर्ष बासमती राइस म्यूजियम, कै[illegible]र, सर्वे आफ बासमती राइस, दूसरे वर्ष में बासमती क्वालिटी एनालिसिस, [illegible]नेन्स, पेस्टीसाइड कम करने हेतु विश्लेषण, मालेक्यूलर एनालिसिस, प्रशिक्षण [illegible] में डेवलपमेन्ट आफ नालेज पोर्टल एवं बासमती राइस का साहित्य।

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

क्र0सं0	उपकरण का नाम	संख्या	धनराशि ₹	स्थापना की स्थिति
1	110 एमएम डिस, 6 डिजिट एलईडी	01	23999.00	
2	आटोमैटिक पीएच मीटर	01	9500.00	
3	स्काइंसटेक हारिजेन्टल हैमिनर फ्लो कैबिनेट	01	76500.00	स्थापित
4	रेफ्रिजरेटेड सेन्ट्रीफ्यूज विद एलसीडी	01	283200.00	स्थापित
5	ब्रायोसाइंस इलेक्टिानिक वेइंग 220 जीएम	01	78300.00	स्थापित
6	आटोक्लेव वर्टिकल	01	110000.00	स्थापित
7	बीओडी इन्क्यूबेटर	04	300000.00	स्थापित
8	डिस्ले सेकिंग इन्क्यूबेटर	01	107998.00	स्थापित
9	थर्मो फिसर साइंसटिफिक डबल स्पेक्टोमीटर	01	470000.00	...
10	डीसी मोटर वर्टेक्स	01	16499.00	.....
11	ह्राट एअर ओवन	01	65000.00	.....
12	माइल्ड स्टील माइक्रो प्रोसेसर	01	19719.00	.....
13	वाटर प्यूरीफायर सिस्टम	01	490000.00	स्थापित
14	एलसीडी लाइट आदि	05	95390.00	.....
15	थ्रफिजरेटर	02	86000.00	.....
16	पीसीबी	03	99000.00	.....
17	लैपटाप	01	76000.00	.....
18	डेस्कटाप	01	79900.00	.....
	योग		2487005.00	

उक्त तालिका में जिन सात उपकरणों को स्थापित दिखाया गया था वह भी एक कक्ष में भण्डारित थे। अधिकांश उपकरण जैसे बीओडी इन्क्यूबेटर, आटोक्लेव आदि जिनके संचालन हेतु विभाग के विद्युत लोड को भी बढाया जाना चाहिए जिस हेतु सम्प्रेक्षावधि तक कोई कार्य नही किया गया था।

इस प्रकार ₹ 5.15 करोड की प्रश्नगत परियोजना विश्वविद्यालय द्वारा रूचि न लिए जाने, व्यापक शिथिलता बरतने एवं शासन के निर्देशों की अनदेखी करने के कारण निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने में लगभग विफल हो चुकी थी।

सम्प्रेक्षा द्वारा इंगित करने पर विश्वविद्यालय द्वारा अपने उत्तर में बताया (दिसम्बर, 2021) गया कि विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न महाविद्यालयों के कक्षों/प्रयोगशालओं को पूर्व से ही निर्धारित लोड के आधार पर विद्युत आपूर्ति की जाती है तथा उपकरणों के प्राप्ति के पश्चात शीघ्र/अतिशीघ्र स्थापित कराकर उनकी निष्पादन क्षमता की जांच परख हेतु कार्यशील अवस्था में रखा गया है।

उत्तर मान्य नही है क्योंकि भारी विद्युत खपत वाले उपकरणों के क्रय होने पर विद्युत लोड को पुनरीक्षित किया जाना आवश्यक था। जहॉ तक उपकरणों की स्थापित करने का प्रश्न है तो विश्वविद्यालय द्वारा स्वयं अपने उत्तर में स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान में अधिकतर कक्षों में रेनोवेशन का कार्य चल रहा है। ऐसी स्थिति में उन्हे सकुशल स्थापित किया जाना संभव नही था। शासन के प्रश्नगत पत्र के अनुपालन में मुख्य अन्वेषक के विरूद्ध कोई कार्यवाही न किए जाने के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा कोई सन्तोषजनक उत्तर नही दिया गया।

बायो तकनीक के प्रयोग से बासमती धान पर अनुसंधान के लिए सेन्टर आफ एक्सीलेन्सी आफ बासमती राइस की ₹5.15 करोड की परियोजना में विश्वविद्यालय द्वारा

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

रूचि न लिए जाने, व्यापक शिथिलता बरतने एवं शासन के निर्देशों की अनदेखी करने के कारण निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त न कर पाने का उक्त प्रकरण शासन के संज्ञान में लाने हेतु प्रकाश में लाया जाता है।

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

भाग–दो (अ)

प्रस्तर सं0–07 1.25 लाख वर्गमीटर (12.419 हे0) वन क्षेत्र भूमि का अवैधानिक हस्तानान्तरण।

शासनादेश संख्या–4041/XIV दिनांक 15.10.1954 के अनुसार अपर गंगा कैनाल (मेन) मील 0–181 तक की दोनों पटरियां संरक्षित वन क्षेत्र घोषित हैं। संरक्षित वन क्षेत्र में स्थाई कृषि वानिकी का अभ्यास करने के लिए/कोई भी गैर वानिकी कार्य किये जाने हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अंतर्गत भारत सरकार बन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की स्वीकृति लिया जाना अनिवार्य है। इसके अलावां किसी राज्य में तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुए भी, कोई राज्य सरकार या अन्य प्राधिकारी यह निदेश करने वाला कोई आदेश, केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना, नहीं देगा–कि किसी वन भूमि या उसका कोई प्रभाग पट्टे पर अन्यथा किसी वनेत्तर प्रयोजन के लिए उपयोग में लाया जाए।
जिसके उल्लघंन या परमिट की कमी को एक दंण्डनीय अपराध माना गया है। इस अधिनियम के अंतर्गत वनों की कटाई को सीमित करने, जैव विविधता के संरक्षण और वन्य जीवों को बचाने का लक्ष्य रखा गया है।
शासनादेश संख्या 61/1164/17–27–सिं–3139 एल/17 दिनांक 06 अगस्त 2018 के अनुसार स्थाई कृषि सम्बन्धी प्रदर्शनों एवं शोध कार्यों के लिये उपलब्ध करायी गयी प्रदेश सरकार द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र चित्तौड़ा मुजफ्फरनगर–II की स्थापना हेतु 12.419 हेक्टेअर भूमि ग्राम चित्तौड़ा परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ, मुजफ्फरनगर के खसरा नम्बर 1 मि क्षेत्रफल 5.720 हेक्टेयर ग्राम खड़तौली स्थित खसरा न0 273,276,277,278,279,280,281, 282,285,286,289,290,291,294,295,298,299 सहित क्षेत्रफल 5.339 हेक्टेअर व बाग मिल्कियत सरकार 1.360 हेक्टेअर कुल भूमि 6.699 हेक्टेअर (5.720+6.699=12.419 हेक्टेअर) का निःशुल्क आवंटन अगस्त 2018 में किया गया। आवंटित भूमि का हस्तानान्तरण दिनांक 01 अक्टूबर 2018 को विश्वविद्यालय द्वारा कर लिया गया।

सम्प्रेक्षा के दौरान अभिलेखों की जॉच में पाया गया सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय मेरठ, के नियंत्रणाधीन कृषि विज्ञान केन्द्र चित्तौड़ा की स्थापना, हेतु आवंटित एवं विश्वविद्यालय को हस्तानांतरित उपरोक्त गाटा संख्या सहित समस्त 12.419 हे0 भूमि, शासनादेश संख्या–4041/XIV दिनांक 15.10.1954 के अनुसार अपर गंगा कैनाल (मेन) मील 0–181 के अंतर्गत संरक्षित वन क्षेत्र घोषित एरिया के प्रतिबंधित क्षेत्र में स्थित है, जिसके प्रक्षेत्र पर गैर वानिकी कार्य हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना हेतु प्रस्ताव विश्वविद्यालय द्वारा बिना शासन के संज्ञान में लाए ही केन्द्र के आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर यथा प्रशासनिक भवन, कृषक छात्रावास, आवासीय भवनों, गोदाम, इम्पलिमेन्ट शैड, मेला ग्राउन्ड, बाउन्ड्रीवाल, ट्यूबवेल, तथा सम्पर्क मार्ग आदि का कार्य तथा कुल भूमि 1.25 लाख वर्गमीटर (12.419 हे0) के सापेक्ष 40954.93 वर्गमीटर क्षेत्रफल पर फसल हेतु तथा 4311.00 वर्गमीटर क्षेत्रफल पर पोन्ड हेतु निर्धारित किया गया है, शेष क्षेत्रफल का उपयोग इन्फ्रास्ट्रक्चर, मार्ग, एवं अन्य यूटिलीटी सर्विस हेतु ले–आउट प्लान में दर्शाया गया है। हस्तांतरित भूमि के प्रक्षेत्र पर गैर वानिकी कार्य किये जाने से पूर्व वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अनुसार भारत सरकार वन एवं पर्यावरण मंत्रालय नई दिल्ली से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त किये बगैर अवैधानिक रूप से भूमि का हस्तानान्तरण कर लिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा हस्तान्तरित भूमि पर गैर वानिकी कार्य किये जाने हेतु भूमि हस्तानान्तरण की तिथि से दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के उपरांत फरवरी 2021में भारत सरकार वन एवं पर्यावरण मंत्रालय नई दिल्ली से संरक्षित वन क्षेत्र घोषित एरिया के प्रक्षेत्र पर गैर वानिकी कार्य किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र मॉगे जाने पर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा आपत्ति दर्ज करते हुए स्पष्ट रूप से इन्कार कर दिया गया है। सम्प्रेक्षा द्वारा इंगित किये जाने पर इकाई द्वारा उत्तर में बताया गया कि सम्बन्धित प्रकरण के संज्ञान में लाया पर भारत सरकार वन एवं

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

पर्यावरण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन दिया गया था, परन्तु सम्बन्धित मंत्रालय द्वारा आपत्तियॉ दर्ज करते हुए भूमि के किसी भी प्रकार के उपयोग में लाए जाने हेतु अनापत्ति आदेश देने से मना कर दिया गया है। उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि गैर वानिकी कार्य हेतु नवसृजित होने वाले कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना हेतु भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने सम्बंधित प्रस्ताव तैयार किये जाने से पूर्व ही विश्वविद्यालय द्वारा प्रदेश सरकार के संज्ञान में लाया जाना चाहिये था कि संबंधित भूमि वन संरक्षित क्षेत्र घोषित है। अतः परिणामस्वरूप जहॉ एक ओर स्थापित होने वाले कृषि विज्ञान केन्द्र के उद्देश्य की पूर्ति नहीं होगी, वहीं दूसरी ओर भारत सरकार के वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के प्राविधानों का उल्लंघन हुआ और इस अधिनियम के अंतर्गत वनों की कटाई को सीमित करने, जैव विविधता के संरक्षण और वन्य जीवों को बचाने का खतरा भी पैदा हुआ है।

अतः प्रकरण प्रकाश में लाया जाता है।

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

भाग–दो (अ)

प्रस्तर स0–08 स्रोत पर काटे जाने वाले टी0डी0एस0/जी0एस0टी0 एवं लेबरसेस की धनराशि रू0 141.00 लाख के करों की कटौतियॉ सुनिश्चित नहीं किया जाना।

जी0एस0टी0 एक अप्रत्यक्ष कर है जो कि बिक्री के समय ग्राहक से एकत्र किया जाता है, और व्यवसायी/पेशेवर द्वारा सरकार को भुगतान किया जाता है। जी0एस0टी0 व्यय और लागत को जोड़ता है, जबकि टी0डी0एस0 आयकर की अंतिम गणना होने तक अस्थायी रूप से आय में कमी करता है। टी0डी0एस0 एक श्वेत अर्थव्यवस्था बनाने का एक प्रयास है, और यह कर रिटर्न दाखिल होने तक सरकार को अस्थायी धनराशि प्रदान करता है।

दिनांक 01 अक्टूबर 2018 को जारी अधिसूचना संख्या 50/2018 केन्द्रीय कर दिनांक 13 सितम्बर 2018 को लागू है जिसके अनुसार 01 प्रतिशत सी0जी0एस0टी0 एवं 01 प्रतिशत एस0जी0एस0टी0 सहित कुल 02 प्रतिशत जी0एस0टी0 स्रोत पर काटा जाना आवश्यक है। ठीक इसी प्रकार आयकर अधिनियम 194 (सी) के अनुरूप स्रोतों पर आयकर के नियमानुसर 02 प्रतिशत की दर से टी0डी0एस0 की कटौती किये जाने का प्राविधान है। इसी क्रम में भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 (1996 का अधिनियम संख्या 28) दिनांक 19 अगस्त 1996 के अनुसार भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा–शर्त विनियमन) अधिनियम , 1996 के प्रयोजनों के लिए उपकर का उद्ग्रहरण और उद्ग्रहरण संग्रहरण किसी नियोजक द्वारा उपगत सन्निर्माण की लागत के दो प्रतिशत से अनधिक किन्तु एक प्रतिशत से अन्नधिक ऐसी दर से किया जायेगा जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, समय–समय पर विनिर्दिष्ट करे ।

सम्प्रेक्षा के दौरान अभिलेखों की जॉच में पाया गया कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत होने वाले बृहद निर्माण कार्यों हेतु विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं को समय–समय पर उपलब्ध करायी गई धनराशि संलग्न सारिणी–01 एवं 02 के अनुसार कार्यदायी संस्थाओं को भुगतानित धनराशि के सापेक्ष स्रोत पर नियमानुसार निर्धारित दरों से जी0एस0टी/टी0डी0एस0/लेबरसेस आदि करों की धनराशियॉ की कटौती नहीं की गई।

@2%टी0डी0एस0

(8,38,19,000+19,81,86,000=28,20,05,000x@2%=56,40,100),@ 2%जी0एस0टी0,

(8,38,19,000+19,81,86,000=28,20,05,000x@2%=56,40,100),(1प्रतिशत सी0जी0एस0टी0,01प्रतिशतएस0जी0एस0टी0)

@01%लेबरसेस(8,38,19,000+19,81,86,000=28,20,05,000x@1%=28,20,051) सहित कुल कटौतियॉ (56,40,100+ 56,40,100+28,20,051= 1,41,00,251) किया जाना था, परंतु विश्वविद्यालय द्वारा उपरोक्त कटौतियों को सुनिश्चित किये बिना बृहद निर्माण कार्यो हेतु स्वीकृत सम्पूर्ण धनराशियॉ कार्यदायी संस्थाओं को हस्तानांतरित कर दी गई, निर्धारित करों की कटौतियॉ सुनिश्चित किये बिना कार्यदायी संस्थाओं/ठेकेदारों को धनराशि के भुगतान का अर्थ व्यक्तिगत रूप से कार्यदायी संस्थाओं/ठेकेदारों को अनौचित्यपूर्ण लाभ पहुँचाया जाना है।

सम्प्रेक्षा द्वारा इंगित किये जाने पर इकाई द्वारा उत्तर में बताया गया कि जी0एस0टी0, लेबरसेस का प्राविधान कार्यदायी संस्थाओं द्वारा स्टीमेट में किया जाता है तथा कर योग्य धनराशि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जमा किया जाता है एवं भविष्य में

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

जी0एस0टी0 / टी0डी0एस0 / लेबर सेस की कटौतियॉ नियमानुसार की जायेंगी। उत्तर मान्य नहीं है, क्योंकि स्रोत परकरों की कटौतियॉ श्वेत अर्थव्यवस्था की संयोजक हैं, जिनका रिटर्न दाखिल करने तक अस्थाई लाभ सरकार को मिलता है। परिणामस्वरूप यदि उक्त करों की सभी कटौतियॉ भुगतान के समय पर सुनिश्चित करके ही उसी समय राजकोश में जमा की जाती तो इनकरों के समायोजन होने की समयावधि तक जो लाभ शासन को मिलता उस लाभ से शासन को वंचित होना पड़ा, और अस्थाई तौर पर मिलने वाले लाभ को व्यक्तिगत तौर पर कार्यदायी संस्थाओं को प्रदान कर दिया गया। अतः प्रकरण प्रकाश में लाया जाता है।

संलग्नक–1

Date	Name Of K.V.K	Work Agency	Particular	Amount
14-01-2020	Amroha	U.P Project Crop. Ltd.	-	3500000
31-03-2020	Amroha	U.P Project Crop. Ltd.	-	2000000
27-11-2020	Amroha	U.P Project Crop. Ltd.	-	2000000
05-03-2021	Amroha	U.P Project Crop. Ltd.	-	1000000
22-03-2021	Amroha	U.P Project Crop. Ltd.	-	2000000
05-07-2021	Amroha	U.P Project Crop. Ltd.	-	854000
Gross Total				11354000

Date	Name Of K.V.K	Work Agency	Particular	Amount
04-01-2020	Sambhal	UPRNN Nigam	-	3100000
31-03-2020	Sambhal	UPRNN Nigam	-	2000000
05-03-2021	Sambhal	UPRNN Nigam	-	2000000
22-03-2021	Sambhal	UPRNN Nigam	-	6249000
Gross Total				13349000

Date	Name Of K.V.K	Work Agency	Particular	Amount
06-03-2019	Hapur	U.P Jal Nigam	-	5000000
31-03-2019	Hapur	U.P Jal Nigam	-	1414000
25-01-2020	Hapur	U.P Jal Nigam	-	4080000
03-03-2020	Hapur	U.P Jal Nigam	-	2855000
Gross Total				13349000

Date	Name Of K.V.K	Work Agency	Particular	Amount
04-01-2020	Ujhani	U.P Rajya Nirman	-	3500000
31-03-2020	Ujhani	U.P Rajya Nirman	-	2000000
27-11-2020	Ujhani	U.P Rajya Nirman	-	2000000
05-03-2021	Ujhani	U.P Rajya Nirman	-	1000000
22-03-2021	Ujhani	U.P Rajya Nirman	-	2000000
05-07-2021	Ujhani	U.P Rajya Nirman	-	900000
Gross Total				11400000

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

Date	Name Of K.V.K	Work Agency	Particular	Amount
06-03-2019	Shamli	Jal Nigam	-	5000000
05-09-2020	Shamli	Jal Nigam	-	944000
27-11-2020	Shamli	Jal Nigam	-	6461000
22-03-2021	Shamli	Jal Nigam	-	944000
Gross Total				13349000

Date	Name Of K.V.K	Work Agency	Particular	Amount
04-01-2020	M.Z.N II	U.P Project Crop	-	3500000
31-03-2020	M.Z.N II	U.P Project Crop	-	2000000
5-03-21	M.Z.N II	U.P Project Crop	-	2000000
22-03-21	M.Z.N II	U.P Project Crop		5835000
Gross Total				13335000

Date	Name Of K.V.K	Work Agency	Particular	Amount
16-01-2020	B.S.R	R.E.S		3500000
23-09-2021	B.S.R	R.E.S		4183000
Gross Total				7683000

संलग्नक–2
सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रोद्यौगिकी वि0वि0 मेरठ। 2019–20

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

क्र0सं0	अवमुक्त धनराशि	कार्यदायी संस्था का नाम	कार्य का नाम	आयकर (टी0डी0एस0) / सेस कटोतियों का विवरण	कोषागार बिल संख्या एवं दिनांक
1	25228000	यू0पी0स्टेट कन्सट्रक्सन एण्ड इन्फास्ट्रक्चर डवलेपमेंट कारपोरेशन लि0 मेरठ	केन्द्रीय पुस्तकालय की स्थापना	शून्य	सं0 24 / 18.11.2019
2	4500000	यू0पी0स्टेट कन्सट्रक्सन एण्ड इन्फास्ट्रक्चर डवलेपमेंट कारपोरेशन लि0 मेरठ	सेन्टर आफ एक्सलेन्स आन बासमती राईस	शून्य	सं0 54 / 31.03.2020
3	3000000	यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 यूनिट 33	एगो प्रोसिसिंग यूनिट की स्थापना	शून्य	सं0 56 / 31.03.2020
	32728000				
			वर्ष 2020–2021		
1	10277000	यू0पी0स्टेट कन्सट्रक्सन एण्ड इन्फास्ट्रक्चर डवलेपमेंट कारपोरेशन लि0 मेरठ	केन्द्रीय पुस्तकालय की स्थापना	शून्य	सं0 53 / 07.12.2020
2	6000000	यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 यूनिट	इसटबेलिसमेंट आफ रेफरल अनलेटिकल	शून्य	सं0 65 / 23.01.2021
3	13950000	यू0पी0स्टेट कन्सट्रक्सन एण्ड इन्फास्ट्रक्चर डवलेपमेंट कारपोरेशन लि0 मेरठ	6 के0वी0के0 के सेन्टर आफ एक्सिलेनस	शून्य	सं0 94 / 27.03.2021
4	70459000	यू0पी0स्टेट कन्सट्रक्सन एण्ड इन्फास्ट्रक्चर डवलेपमेंट कारपोरेशन लि0 मेरठ रू0 37200000.00 यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 रू0 14000000.00 यू0पी0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास रू0 19259000.00	7 के0वी0के0 का सुदृढीकरण	शून्य	सं0 100 / 27.03.2021
5	42000000	यू0पी0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास रू0 15198000.00 यू0पी0 आर0एन0एस0एस0 निर्माण प्रखण्ड रू0 26802000.00	7 के0वी0के0 का सुदृढीकरण	शून्य	सं0 101 / 27.03.2021
6	8000000	यू0पी0स्टेट कन्सट्रक्सन एण्ड इन्फास्ट्रक्चर डवलेपमेंट कारपोरेशन लि0 मेरठ रू0 2600000.00 यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन रू0 1400000.00 यू0पी0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास रू0 2000000.00 यू0पी0 आर0एन0एस0एस0 निर्माण प्रखण्ड रू0 2000000.00	7 के0वी0के0 का सुदृढीकरण	शून्य	सं0 102 / 27.03.2021
7	14772000	यू0पी0स्टेट कन्सट्रक्सन एण्ड इन्फास्ट्रक्चर डवलेपमेंट कारपोरेशन लि0 मेरठ	केन्द्रीय पुस्तकालय की स्थापना	शून्य	सं0 103 / 27.03.2021

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

		कुल योग 3,27,28,000+16,54,58,000=19,81,86,000
	165458000	

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

भाग–दो (अ)

प्रस्तर सं0–09 कुप्रबंधन के फलस्वरूप रू0 178.77 लाख मूल्य की भूमि (3.03 हे0) का लेखे से विलुप्त किया जाना।

शासनादेश संख्या 3265/12.08.2000–4001961/99 दिनांक 4 अक्टूबर, 2000 के अनुसार गोबिन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर (ऊँधम सिंह नगर) द्वारा प्रसार/अनुसंधान इकाइयों की भूमि एवं अन्य अचल सम्पत्ति तत्काल ग्रहण कर कब्जा लेकर कार्यवाही किये जाने हेतु सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ को आदेश निर्गत किये गये। विश्वविद्यालय के नियंत्रणाधीन कृषि विज्ञान केन्द्र हस्तिनापुर मेरठ को निम्नानुसार सम्पत्ति के विवरण के अनुसार कुल भूमि का अंतकरण कर कब्जा लिया जाना था, जिसके कब्जे की कार्यवाही विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 23.10.2000 को पूर्ण कर ली गई है। विश्वविद्यालय के नियंत्रणाधीन संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र हस्तिनापुर, जनपद मेरठ के मवाना तहसील के अन्तर्गत हस्तिनापुर में अवस्थित है।

सम्प्रेक्षा के दौरान अभिलेखों की जॉच में पाया गया कि विश्वविद्यालय के नियंत्रणाधीन संचालित उक्त केन्द्र के कब्जे वाली भूमि संलग्नक एक एवं दो के अनुसार तुलनपत्र वर्ष 2019–20 में नहीं दर्शाया गया है, और कोई भी सम्पत्ति पंजिका का रखरखाव नहीं किया जा रहा है तथा हस्तांतरित की गई परिसम्पत्तियों का कोई भी राजस्व निरीक्षण अधिकारी द्वारा विगत कई वर्षों से कोई आवधिक सत्यापन भी नहीं कराया गया है, जिससे यह ऑकलन किया जा सके कि इकाई द्वारा उक्त शासनादेश के अनुरूप सौंपी गई परिसम्पत्ति का रख–रखाव और उस पर कब्जे की स्थिति बरकरार है अथवा नहीं। उपरोक्त दिनांक 4 अक्टूबर सन् 2000 को निर्गत शासनादेश के अनुसार संलग्नक–1 में दिये गये विवरण में कृषि विज्ञान केन्द्र को सौंपी गई कुल भूमि 10.290 (हे0)है, जिसके सापेक्ष ऐक्सन में प्लान वर्ष–प्रति वर्ष दर्शायी जा रही कुल भूमि की स्थिति मात्र 9.20 हे0 हैं। इसी प्रकार कृषि योग्य सौंपी जाने वाली कुल भूमि का क्षेत्रफल 8.53 हेक्टेअर है, जबकि कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा वर्ष–प्रतिवर्ष विगत कई वर्षों से अपनी कार्ययोजना में कृषि योग्य भूमि का क्षेत्रफल मात्र 5.50 हेक्टेअर ही दर्शाया जा रहा है जिससे स्पष्ट होता है कि 8.53–5.50=3.03 हेक्टेअर कृषि योग्य भूमि कृषि विज्ञान केन्द्र हस्तिनापुर के कब्जे से बाहर है/लेखे से विलुप्त है। जिसका उपयोग केन्द्र द्वारा कृषि उद्यमों हेतु नहीं किया जा रहा है। उपरोक्त अवस्थित 3.03 हेक्टेअर कृषि योग्य भूमि की अनुमानित सामान्य मूल्य, जनपद मेरठ के मवाना खुर्द हस्तिनापुर के सर्किल रेट वर्श 2018 से की गई तुलना के अनुसार सामान्य भूमि का मूल्य प्रति हेक्टेअर दरें रू0 59.00 लाख प्रति हेक्टेअर है अर्थात कुल मूल्य 3.03X59.00 लाख =रू0 178.77 लाख है।जो कि कृषि विज्ञान केन्द्र हस्तिनापुर द्वारा परिसम्पत्ति लेखों से विलुप्त की गई है। इसी प्रकार संलग्नक–2 में दिये गये विवरण के अनुसार हस्तांतरित की गई किसी भी परिसम्पत्तियॉ के सत्यापन हेतु साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराये जा सके। सम्प्रेक्षा द्वारा इंगित किये जाने पर इकाई द्वारा कृषि योग्य विलुप्त भूमि के उत्तर में बताया गया कि 3.03 हे0 भूमि पर अन्य भवन निर्माण, प्रदर्शन इकाई, वाटर हरवेटिंग, तालाब आदि के कार्य कराये गये हैं एवं कृषि योग्य भूमि हेतु कोई गाटा सं0 एलाट नहीं है तथा कुछ भूमि पर विवाद की स्थिति होने के कारण प्रकरण न्यायालय में है। उत्तर तर्कसंगत नही है, क्योंकि ऐक्सन प्लान में दर्शाये जा रहे भवन निर्माण एवं प्रबंधन की स्थिति मात्र कुल 1810 वर्गमीटर भूमि के क्षेत्रफल तक ही सीमित हैं। जिसमें भी तालाब, वाटर हरवेटिंग, का कोई भी जिक नही है। शासन द्वारा वर्ष 2000 में हस्तानानंतरित कृषि योग्य भूमि के सापेक्ष कोई गाटा सं0 ही एलाट न हो सम्भव नही है। केन्द्र पर न तो किस गाटा सं0 पर कितने हेक्टेयर भूमि पर कृषि कार्य किया जा रहा है और किस गाटा सं0 के कितने प्रक्षेत्र पर भवन सहित अन्य सन्निनिर्माण कार्य कराये गये है/स्थापित है इसका कोई भी साक्ष्य उपलब्ध नही है, दूसरे विवाद की स्थिति में न्यायालय के निर्णय होने से पहले ही स्वयं के लेखे से भूमि का विलुप्त कर दिया जाना तर्कसंगत नहीं है। परिणामस्वरूप कृषि

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

विज्ञान केन्द्र की भूमि प्रबंधन व्यवस्था कुप्रबंधित होने के कारण इस तथ्य की पुष्टि नही की जा सकी कि विलुप्त होने वाली भूमि की वास्तविक स्थिति क्या है।

अतः प्रकरण प्रकाश में लाया जाता है।

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

संलग्नक–01

कृषि विज्ञान केन्द्र हस्तिनापुर

क्रम संख्या	उत्तर प्रदेश शासन के आदेश संख्या 3265/12.08. 2000–4001961/99 दिनांक 4 अक्टूबर,2000 के अनुसार हस्तांतरित एवं विश्वविद्यालय द्वारा कब्जे में ली गई परिसम्पत्तियों का विवरण।		कृषि विज्ञान केन्द्र हस्तिनापुर मेरठ के वार्षिक प्रगति आख्या/कार्ययोजना जनवरी से दिसम्बर 2021 के अनुसार कब्जे में दर्शायी जा रही परिसम्पत्तियों का विवरण		अंतर (हेक्टेअर में)
1.	कुल भूमि का क्षेत्रफल (हे0)	10.290	कुल भूमि का क्षेत्रफल (हे0)	9.20	1.09
2.	कृषि योग्य भूमि का क्षेत्रफल(हे0)	8.53	कृषि योग्य भूमि का क्षेत्रफल(हे0)	5.50	3.03
3.	कृषि के अतिरिक्त भूमि का क्षेत्रफल(हे0)	2.29	कृषि के अतिरिक्त भूमि का क्षेत्रफल(हे0)	3.70	–1.41

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

संलग्नक–02

कृषि विज्ञान केन्द्र हस्तिनापुर

आदेश संख्या 3265/12.08.2000–4001961/99 दिनांक 4 अनुसार हस्तांतरित एवं विश्वविद्यालय द्वारा कब्जे में ली गई					कृषि विज्ञान केन्द्र हस्तिनापुर मेरठ के वार्षिक प्रगति आख्या/कार्ययोजना जनवरी से दिसम्बर 2021 के अनुसार कब्जे में दर्शायी जा रही परिसम्पत्तियों का विवरण
	संख्या	क्षेत्रफल साइज मी0	कुल क्षे0 वर्ग मीटर में	अनुमानित मूल्य	
प्रति एकड़			25 एकड़	4375000	विवरण दर्ज नही
504					विवरण दर्ज नही
26					विवरण दर्ज नही
6					विवरण दर्ज नही
14					विवरण दर्ज नही
6					विवरण दर्ज नही
3	634				विवरण दर्ज नही
2					विवरण दर्ज नही
9					विवरण दर्ज नही
2					विवरण दर्ज नही
1					विवरण दर्ज नही
61					विवरण दर्ज नही
10				50000.00	विवरण दर्ज नही
	288			35000.00	विवरण दर्ज नही
यूनिट	01	20.0X16.4	326		विवरण दर्ज नही
	01	6.4 X4.4	26.16		
	01	5.9 X4.4	25.96	2,25,000.00	
	01	4.4 X3.4	14.75		
		11.15 X6.55	73.03		
	01	7.8 X3.3	25.04		
कक्ष	01	4.2 X2.3	9.60		
कक्ष	01	8.2 X3.55	29.4	150000.00	विवरण दर्ज नही
कक्ष	01	7.2 X3.55	25.20		

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

भाग दो (ब)

प्रस्तर संख्या–1 वित्तीय नियमों के विपरीत ₹ 1257.89 लाख की धनराशि का अनावश्यक प्रावधान कराकर नियमानुसार समर्पित न कराया जाना।

बजट मैनुअल के प्रस्तर संख्या 141 के अनुसारSavings coming to notice after the dispatch of the final statement should be reported separately as soon as possible. All final savings must be surrendered to the Finance Department by 25th March.उक्त प्रावधानों से स्पष्ट है कि इकाई द्वारा प्रशासनिक विभाग को उक्त तिथि तक अवशेष धनराशि समर्पित कर देनी चाहिए थी।

अभिलेखों की जांच (दिसम्बर, 2021) में पाया गया की विश्वविद्यालय द्वारा उक्त बजट मैनुअल के प्रावधानों की अनेदखी करते हुए वर्ष 2019–20 में शासन को निम्नांकित मदों की धनराशि दिनांक 31.03.2020 को तथा वर्ष 2020–21 में विभिन्न मदों की धनराशि 31.03.2021 को समर्पित की गयी जो अनुचित था।

वर्ष 2019–20 रू0 लाख में

क्र0सं0				
1	31 वेतन मद	3900.00	3745.39	154.61
2	*53–सातवें वेतन का एरियर*	*148.20*	*61.06*	*87.14*
3	03–कृषक तकनीकी प्रशिक्षण	11.67	00	11.67
4	एन0पी0एस0	365.00	77.77	287.23
5	सेन्टर आफ एक्सीलेन्स आन बासमती राइस	50.00	45.00	5.00
6	कृषि विज्ञान केन्द्रों में सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स	150.00	00	150.00

वर्ष 2020–21 रू0 लाख में

क्र0सं0				
1	वेतन मद	4350.00	4131.39	218.61
4	सेन्टर आफ एक्सीलेन्स आन बासमती राइस	25.00	24.87	0.13
5	कृषि विज्ञान केन्द्रों में सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स	150.00	139.50	10.50
6	आर0के0वी0वाई परियोजना (डा0 अमित कुमार) अनु0 सं0 11	253.00	00	253.00
7	आर0के0वी0वाई परियोजना (डा0 अमित कुमार) अनु0 सं0 11	10.00	00	10.00
8	आर0के0वी0वाई परियोजना (डा0 अमित कुमार) अनु0सं0 83	130.00	60.00	70.00
	योग	4918.00	4355.76	562.24

प्रश्नगत समर्पणों की स्वीकारोक्ति प्रशासनिक विभाग द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त नही हो सकी थी जिसके कारण उक्त धनराशि के कालातीत होने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता। बजट मैनुअल के प्रस्तर संख्या 32 के अनुसार The estimates should be framed on the basis of expenditure required to be incurred in the coming year on account of

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

the pay (including special pay and personal pay but excluding compensatory allowances) of the officers and the staff likely to be on duty and the actual pay to be drawn by each, irrespective of the sanctioned strength.

विश्वविद्यालय के बजट आवंटन एवं उसके सापेक्ष किए गए व्यय तथा समर्पण सम्बन्धी अभिलेखों की जांच (दिसम्बर, 2021) में पाया गया कि वेतन भत्तों आदि से सम्बन्धित धनराशि की मांग स्वीकृत पदों की संख्या के सापेक्ष की गयी जो कि उक्त बजट मैनुअल के प्राविधानों के अनुरूप नही था। जिसके परिणाममस्वरूप वर्ष 2020–21 में ₹218.61 लाख एवं वर्ष 2019–20 में ₹154.61 लाख अधिक प्रावधानित करा लिए गए। अधिक धनराशि प्रावधानित कराए जाने से प्रदेश की अन्य महत्वपूर्ण योजनाएं धनराशि के अभाव मे बाधित होती है।

आगे जांच में पाया गया कि वर्ष 2019–20 में एनपीएस हेतु ₹365.00 लाख की धनराशि प्रावधानित करायी गयी जिसके सापेक्ष मात्र ₹ 77.77 लाख ही व्यय हुए और ₹287.23 लाख बचे रह गये अर्थात् लगभग 80 प्रतिशत अधिक धनराशि अधिक प्रावधानित करायी गयी जो अनुचित था।

इसके अतिरिक्त कृषि विज्ञान केन्द्रों हेतु प्रावधानित करायी गयी ₹150.00 लाख, कृषक तकनीकी प्रशिक्षण की धनराशि ₹11.67 लाख की सम्पूर्ण धनराशि अर्थात् 100 प्रतिशत समर्पित दिखाना पडा।

उक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि विश्वविद्यालय द्वारा बजट मैनुअल के प्रावधानों एवं वित्तीय नियमों तथा समय–समय पर शासन द्वारा जारी निर्देशों की अनदेखी करते हुए अनावश्यक धनराशि प्रावधानित कराकर प्रदेश की वित्तीय व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाला। अनावश्यक प्रावधानित धनराशि को तत्काल समर्पित करने की भी कोई कार्यवाही नही की यहां तक कि जो भी धनराशि साल के अन्तिम दिन समर्पित दिखायी गयी उनके स्वीकारोक्ति सम्बन्धी प्रपत्र विश्वविद्यालय के पास नही थे, जिससे धनराशि के कालातीत होने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता।

सम्प्रेक्षा द्वारा इंगित करने पर विश्वविद्यालय द्वारा अपने उत्तर में बताया *(दिसम्बर, 2021)* गया कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति नही होगी।

बजट मैनुअल के प्रावधानों की अनेदखी कर अनावश्यक धनराशि आवंटित कराये जाने एवं उसे नियमानुसार समिर्पित न किए जाने का उक्त प्रकरण प्रकाश में लाया जाता है।

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

भाग दो (ब)

प्रस्तर संख्या–2 परिहार्य व्यय 63.28 लाख।

कार्यालय प्रधान/आहरण वितरण अधिकारी का दायित्व है कि उसे सरकारी धन व्यय करते समय वही सावधानी एवं सतर्कता बरतनी चाहिए जैसे कि कोई व्यक्ति अपने स्वयं के धन को खर्च करते समय बरतता है।

विश्वविद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु उत्तर प्रदेश सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड, मेरठ (फर्म) से उनके ही द्वारा तय किए गए दरों पर सुरक्षा गार्डों की सेवाएं प्राप्त करने हेतु अगस्त 2016 में 01 जून 2016 से 31 मई 2019 तक की अवधि के लिए अनुबन्ध किया गया था। उक्त अवधि समाप्त होने के बाद विश्वविद्यालय द्वारा पुनः फर्म द्वारा प्रदत्त बढी दरों पर दिनांक 03.10.2019 को अनुबन्ध कर लिया गया। प्रश्नगत फर्म को मात्र सम्प्रेक्षावधि मे ही (मार्च 2019 से मार्च 2021 तक) विश्वविद्यालय द्वारा ₹ 477.31 लाख का भुगतान किया गया था।

जून 2020 के पूर्व मार्च 2019 से जुलाई 2019 के मध्य सुपरवाईजर 03 अदद, आर्म्स गार्ड 10 अदद एवं सुरक्षा गार्ड 98 अर्थात कुल 111 सुरक्षा कर्मियों की तथा माह अगस्त 2019 से मई 2020 तक सुपरवाईजर 03 अदद, आर्म्स गार्ड 16 अदद एवं सुरक्षा गार्ड 77 अदद सहित 96 सुरक्षा कर्मियों की सेवाएं विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त की गयी थीं। विश्वविद्यालय द्वारा उक्त सेवाओं हेतु प्रति माह धनराशि ₹22.72 लाख से ₹19.56 लाख के मध्य भुगतान की गयी थी।

बिल/वाउचर्स, अनुबन्ध पत्र, पत्राचार एवं समय–समय पर किए गए भुगतानों से सम्बन्धित अभिलेखों की जांच (नवम्बर, 2021) में पाया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा उक्त व्यय का ऑकलन कर उसे सीमित करने हेतु कोई ठोस एवं प्रभावी कदम समय से नही लिए गए। अन्ततः जून 2020 में विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, चहारदीवारी का निर्माण तथा कुछ जगहों पर गेट आदि लगाने की कार्यवाही की गयी, जिसके कारण तुरन्त मितव्ययिता परिलक्षित हुयी।यदि विश्वविद्यालय द्वारा यह कदम समय से उठा लिए गए होते तो संलग्न विवरणानुसार मात्र सम्प्रेक्षावधि (अप्रैल 2019 से मई 2021) में ही संलग्न विवरणानुसार ₹63.28 लाख की बचत हो सकती थी। किन्तु दूरदर्शिता के अभाव के कारण ऐसा नही किया गया। स्पष्ट था कि विश्वविद्यालय को प्रतिवर्ष लगभग ₹40.00 लाख की हानि हुयी।

सम्प्रेक्षा द्वारा इंगित करने पर विश्वविद्यालय ने अपने उत्तर में बताया (दिसम्बर, 2021) कि सुरक्षा कार्यों में व्यय को कम किये जाने का निरन्तर प्रयास किए जाते रहे हैं।

उत्तर मान्य नही है क्योंकि विश्वविद्यालय द्वारा यदि सीसीटीवी कैमरे एवं बाउण्ड्रीवाल आदि जैसे आसान प्रयास पहले किए ही नही गये। यदि इस प्रकार के प्रयास जो काफी देर से किए गए समय से किए जाते तो उक्त परिहार्य व्यय से बचा जा सकता था।

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

भाग दो (ब)

प्रस्तर संख्या–04 राष्ट्रीय कृषि विकास परियोजना में अनियमित व्यय।

सरकारी कार्यों में निष्पक्ष एवं पारदशी निविदा प्रकिया अपनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य यह है कि विभाग को व्यापक तुलनात्मक दरों का लाभ प्राप्त हो सके। निविदा हमेशा पूर्ण कालिक होनी चाहिए किन्तु अल्पकालिक निविदा की दशा में निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी के लिए यह अनिवार्य है कि वह निविदा के अल्पकालीन होने का कारण अंकित करें। यदि एक बार निविदा आमंत्रित करने पर कोई निविदा प्राप्त नही होती अथवा प्राप्त निविदाएं स्वीकार योग्य नही होतीं तो ऐसी स्थिति में दूसरी या तीसरी बार भी पूर्णकालिक निविदा ही प्रकाशित करायी जानी चाहिए।

आरकेवीवाई परियोजना के अन्तर्गत to look after the prevention and treatment aspects of various prevailing livestock diseases in this region. The farmers and livestock keepers would be direct beneficiaries by saving prevailing diseases. के उद्देश्य से Establishment of advance diagnostic laboratory for identification of live-stock diseases in western UP शासनादेश संख्या 158/12.3.2018.100(08)/2018 दिनांक 07.03.2018 के द्वारा ₹ 250 लाख की वित्तीय स्वीकृत निर्गत की गयी थी। वर्ष 2018.19 में कुछ धनराशि और स्वीकृत होने के कारण उपकरण मद में ₹ 251.00 लाख 75 अंदद उपकरणों हेतु प्रावधानित कर लिए गए थे। विश्वविद्यालय द्वारा संलग्न विवरणानुसार माह फरवरी 2020 से सितम्बर 2021 के मध्य ₹250.50 लाख के उपकरण विभिन्न फर्मो से कय कर उन्हें भुगतान किया गया था।

अभिलेखों की जांच (नवम्बर, 2021) में पाया गया कि वित्तीय नियमों के अनुरूप बिना कोई समुचित आधार के अल्पकालीन निविदाएं करायी गयीं जैसे नवम्बर 2020, मार्च 2021 मे आदि। यहॉ तक तकनीकी समिति द्वारा निर्णय लेने में लगभग एक वर्ष तक का समय लिया गया जिसके कारण परियोजना विलम्बित हुयी। विश्वविद्यालय द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार करके पूर्णकालिक निविदा आमंत्रित नंही की गयी वल्कि विश्वविद्यालय को व्यापक तुलनात्मक दरों के लाभ से वंचित करते हुए एकल अथवा दों निविदत्त दरों के आधार ही कई उपकरणों का कय कर लिया गया, जो अनुचित था। नमूना जांच में पाए गए प्रकरण इस प्रकार थे–

केवल एकल दरों पर कय का विवरण–

1	सेमी आटोमेटिक रोटरी माइक्रोटोम	दिसम्बर 2020	914500	828360
2	टिसू फ्लोटेशन		—	30240
3	नेकाप्सी/एटाप्सी टेबिल		—	582400
4	एटाप्सी केस		—	74592
5	एटाप्सी बाक्स		—	64512
6	माइको स्लाइट टेबिल		—	103840
7	वाटर बाथ		—	62445
8	इन्स्ट्रूमेन्ट स्अरलाइजर		—	12980
			मेसर्स मकफलो इन्जीनियरिंग	मेसर्स यू एस डी इन्टरप्राईजेज
9	सिंगल चैलन माइक्रोपिपेट 1000–10000	नवम्बर 2020	21240	
10	बयोसाफेट कैबिनेट क्लास 2 ए2			980580

कुलसचिव
स०व०प० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

दो दरों के आधार पर क्रय का विवरण

1	स्पेक्ट्रोफोटोमीटर	मार्च 2020	811415		
2	जेल डाकूऐन्टेसन सिस्टम		898800		
3	रियल टाइम पीसीआर		1733550		
4	यूवी ट्रान्सीलूमिनेटर			92276	
5	पीसीआर थर्मोसाइकिल		382750		
			मेसर्स मैकफ्लो	मेसर्स माडर्न साइन्सटिफिक	मेसर्स यूएसडी
6	सिंगल चैनल माइक्रोपिपेट 20–200	नवम्बर 2020	21240	5296	—
7	सिंगल चैनल माइक्रोपिपेट 100–1000		21240	5296	—
8	आटोमेटिक डिजिटल आटोक्लेव 100 लीटर		820808	185850	—

आगे नमूना जांच में पाया गया कि दिनांक 07.03.2020 को खोली गयी निविदा में एलाइजा रीडर फिल्टर बेस्ड प्लेट रीडर एवं एलाइजा वासर की कीमत दिए गए विशिष्टीकरण के अनुरूप मेसर्स जेनेटिक्स बायोटेक एसिया प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली की ₹ 935325.30 थी। किन्तु उक्त फर्म को आपूर्ति आदेश नही दिया गया बल्कि उसी विशिष्टीकरण का प्रश्नगत उपकरण दिसम्बर 2020 में मेसर्स मैकफ्लो इन्जीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली से अधिक लगभग दुगुनी दर पर अर्थात् ₹1637250 में एकल निविदा के आधार पर क्रय किया गया जोकि पूर्णतः अनुचित एवं शासकीय धनराशि का दुरूपयोग था, क्योंकि पहली निविदा इस आधार पर निरस्त की गयी थी कि वह एकल निविदा थी। जबकि प्रश्नगत दर को बेस प्राइस मानकर एल–1 से वार्ता की जा सकती थी। किन्तु ऐसा नही किया गया।

इस प्रकार उक्त तथ्यों से स्पष्ट था कि उपकरणों के क्रय में व्यापक अनियमितताएं की गयीं।

सम्प्रेक्षा द्वारा इंगित करने पर विश्वविद्यालय द्वारा अपने उत्तर में बताया (दिसम्बर, 2021) कि उपकरणों के क्रय हेतु निविदाएं तीसरी बार प्रकाशित करायी गयीं एवं एकल निविदा के अतिरिक्त कोई विकल्प नही था।

उत्तर मान्य नही है क्योंकि निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में उन्हें पूर्णकालिक करने एवं और व्यापक प्रचार प्रसार की आवश्यकता थी जो नही किया गया बल्कि अल्पकालीन निविदाएं ही की गयीं जिसके कारण ऐसा हुआ, और विभाग को व्यापक तुलनात्मक दरों के लाभ से वंचित कर दिया गया।

इस प्रकार, उपकरणों के क्रय पर अनियमित व्यय एवं अधिक दरों पर क्रय करने का उक्त प्रकरण शासन के संज्ञान में लाने हेतु प्रकाश में लाया जाता है।

कुलसचिव
स०व०पं० कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ०प्र०)

भाग–दो (ब)

प्रस्तर सं0–5 पॉच कृषि विज्ञान केन्द्रों के निर्माण कार्य हेतु कार्यदायी संस्था सी0एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम को रू0 171.00 लाख का अनाधिकृत हस्तानान्तरण तथा हस्तानान्तरित धनराशि पर ब्याज की वसूली नही किया जाना।

शासकीय निर्माण कार्यों को सम्पादित किये जाने के सम्बन्ध में नीति का निर्धारण शासनादेश संख्या–ई–8–157/दस–2013–1074/2012, दिनांक12 फरवरी, 2013 द्वारा किया गया है। अतः किसी भी राजकीय निर्माण कार्य हेतु कार्यदायी संस्था नामित किये जाने से पूर्व उसके प्रस्ताव पर स्वीकृति शासन स्तर से लिया जाना चाहिये, तत्पश्चात नामित कार्यदायी संस्था से ही कार्य कराये जाने तथा उसी कार्यदायी संस्था के खाते में धनराशि अंतरित किया जाना चाहिये। आधुनिक कृषि प्रोद्योगिकी में किसानों के ज्ञान व कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से सरदार बल्लभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ के नियंत्राणाधीन नवसृजित होने वाले सात के सापेक्ष पॉच कृषि विज्ञान केन्द्र, जनपद–हापुड़, शामली, बुलन्दशहर, सम्भल, अमरोहा, बदायूँ–II एवं मुजफ्फरनगर–II के प्रशासनिक भवनों के निर्माण कार्य हेतु मॉग के सापेक्ष भारतीय कृषि अनुसंधान परिशद नई दिल्ली(आई0सी0ए0आर0)/एग्रीकल्चर टेक्नोलाजी एप्लीकेशन रिसर्च इन्टीट्यूट कानपुर के पत्रांक F.NO.ATARI/KVK-Works/2018-19/1803-07 dt.13.03.2019 द्वारा कुल 07 नवसृजित कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्य हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रति कृषि विज्ञान केन्द्र रू0 133.49 लाख की दर से प्रदान कर प्रथम किश्त के रूप में धनराशियॉ अवमुक्त की गई। शासनादेशसंख्या 975/67–कृषिअ–19–1500(15)/10टी0 सी0–5 दिनांक 5 जुलाई 2019 के अनुसार शासन के पत्र सं0–1699/67–कृषिअ–18–1500(15)/10 टी0सी0–11 दिनांक 20.08.2018 द्वारा कृषि विश्वविद्यालय में उक्त जनपदों में नवसृजित किये जाने वाले कृषि विज्ञान केन्द्रों के निर्माण कार्य हेतु धनराशि उपलब्ध होने के उपरान्त यह निर्देश दिये गये थे कि विश्वविद्यालय द्वारा उनके निर्माण कार्य हेतु कार्यदायी संस्था नामित किये जाने सम्बन्धित प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

सम्प्रेक्षा के दौरान अभिलेखों की जॉच में पाया गया कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत नवसृजित होने वाले 07 जनपदों में से 05 जनपदों के कृषि विज्ञान केन्द्र बुलन्दशहर, सम्भल, अमरोहा, बदायूँ–II एवं मुजफ्फरनगर– II के प्रशासकीय भवन के निर्माण कार्य हेतु प्रति केंद्र स्वीकृत लागत कुल रू0 133.49X5=667.45 लाख के सापेक्ष कार्यदायी संस्था नामित किये जाने सम्बन्धी प्रस्तावपर **शासन की स्वीकृति प्राप्त किये बिना ही** कार्यदायी संस्था सी0 एण्ड. डी0एस0 उत्तर प्रदेश जल निगम गाजियाबाद, के खाते में प्रथम किश्त की धनराशि खाते में अंतरित कर दिया गया–

Sl.No.	Name of the KVKs	Month of Released Fund to the working Agency	Fund Released Rs. (In Lakhs)	Unauthorised Working Agency,for KVKs construction work.	**Refund month**	Working Agency nominated by the UP. Govt.
1.	बुलन्दशहर	3/19	35.00	सी0एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम	1/20	आर0ई0एस0
2.	सम्भल	3/19	31.00	सी0एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम	1/20	उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण
3.	अमरोहा	3/19	35.00	सी0एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम	1/20	उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन
4.	बदायूँ–II	3/19	35.00	सी0एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम	1/20	स्हकारी संघ (पैकपेड)
5	मुजफ्फरनगर– II	3/19	35.00	सी0एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम	1/20	उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन
6.		कुल योग	171.00			

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालय द्वारा मार्च 2019 मे कार्यदायी संस्था सी0एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम को अवमुक्त धनराशियॉ शासनादेश संख्या 975/67–कृषिअ –19–1500(15)/10टी0 सी0–5 दिनांक 5 जुलाई 2019 के अनुपालन में नौ माह से अधिक समय बीत जाने के बाद कार्यदायी संस्था सी0एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम से धनराशि वापस लेकर शासन द्वारा नामित अन्य कार्यदायी सस्थाओं के खाते में अंतरित की गई अर्थात रू 171.00 लाख की धनराशि नौ माह तक अनाधिकृत रूप से सी0एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम के खाते में पड़ी रही, परंतु विश्वविद्यालय द्वारा कार्यदायी सी0एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम के खाते में अंतरित की गई धनराशि को वापस लेते समयरू0 171.00 लाख पर नौ माह तक मिलने वाले ब्याज की धनराशि पर निर्धारित दर से नियमानुसार प्राप्त होने वाले ब्याज की वसूली नहीं की गई, जिसे वसूलकर कोषागार में जमा किया जाना चाहिए था। अर्थात विश्वविद्यालय द्वारा कार्यदायी संस्था सी0एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम को अनौचित्यपूर्ण लाभ देते हुए रू0171.00 लाख की धनराशि नौ महीने तक बिना ब्याज के देकर अवरूद्व रखी गई और उक्त धनराशि पर मिलने वाले ब्याज की वसूली न करके राजकोष को मिलने वाली ब्याज से भी वंचित रखा गया। फलस्वरूप विश्वविद्यालय द्वारा राजकोश को हानि पहुॅचाई गई।

सम्प्रेक्षा द्वारा इंगित किये जाने पर इकाई द्वारा उत्तर में बताया गया कि दिनांक 24 जुलाई 2018 को जारी शासनादेश के अनुपालन में सी0एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम को उक्त पॉचों कृषि विज्ञान केन्द्रों के निर्माण कार्य हेतु धनराशि हस्तानान्तरित कराई गई है। उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि दि0 5 जुलाई 2019 को जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा कार्यदायी संस्था नामित किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर बिना स्वीकृति प्राप्त किये ही पॉच कृषि विज्ञान केन्द्रो के निर्माण कार्य हेतु सी0एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम को रू0 171.00 लाख की धनराशि खाते में हस्तानान्तरित कर दी गई। परिणामस्वरूप जहॉ नौ महीने से अधिक समय तक रू0 171.00 लाख की धनराशि सी0एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम के खाते में अनाधिकृत रूप से अवरूद्व पड़ी रही और उस पर मिलने वाले ब्याज की धनराशि की वसूली नहीं किये जाने से राजकीय हानि हुई, वहीं दूसरी ओर पॉचों कृषि विज्ञान केन्द्रों के निर्माण कार्य प्रारंभ होने में नौ माह से अधिक का विलम्ब भी हुआ है और होने वाले समय के नुकसान की भरपाई नहीं की जा सकती है। अतः प्रकरण प्रकाश में लाया जाता है।

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

भाग–दो (ब)

प्रस्तर सं0–06 हस्तानान्तरित की गई ग्राम सभा के प्रबन्धाधीन भूमि के वास्तविक सीमा प्रक्षेत्र का परिसीमन व ग्राम सभा से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त किये बिना कृषि विज्ञान केन्द्र के निर्माण कार्य पर रू0 114.00 लाख का व्यय।

किसी ग्राम सभा की भूमि पर निर्माण कार्य कराये जाने से पूर्व सम्बन्धित ग्राम सभा से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य शर्त है, तथा हस्तानान्तरित की गई भूमि के प्रक्षेत्र की वास्तविक सीमा को स्थापित करने के लिए परिसीमन या Demarcation Of Land राजस्व निरीक्षक अधिकारी से कराया जाना चाहिये। शासनादेश सं0 2673/67–कृषिअ–17–1500–(3)/16 टी0सी0 दिनांक–5 जनवरी, 2018 एवं संख्या 40/67–कृषिअ–18–1500–(3)/16 टी0सी0 दिनांक 25 जनवरी, 2018 के अनुसार ग्राम सभा कर्मा, परगना सलेमपुर, जनपद बदायूँ की प्रबंधाधीन 12.150 हेक्टेअर भूमि को पुर्नग्रहीत कर नवसृजित होने वाले कृषि विज्ञान केन्द्र, बदायूँ–II की स्थापना हेतु नियंत्रणाधीन सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय मेरठ को हस्तानान्तरित कराई गई। उपलब्ध कराई गई भूमि के प्रक्षेत्र पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली (आई0सी0ए0आर0) के द्वारा वित्त पोषित स्कीम कोड सं0 0092, पूँजीगत व्यय के अंतर्गत नवसृजित होने वाले कृषि विज्ञान केन्द्र बदायूँ–II के प्रशासकीय भवन के निर्माण कार्य हेतु आई0सी0ए0आर0 के पत्रांक F.NO.ATARI/KVK/-Works/2018-19/1803-07 दिनांक 13.03.2019 द्वारा रू0 133.49 लाख की प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रस्तावित कृषि विज्ञान केन्द्र बदायूँ–II की स्थापना हेतु ग्राम सभा कर्मा, परगना सलेमपुर, तहसील दातागंज, जिला बदायूँ के खाता संख्या 996 के गाटा सं0 226 मि0/11.7010 हे0 में से 8.500 हे0 एवं 267 मि0/4.3530 में से 3.3530 अर्थात कुल 12.150 हे0 का हस्तांतरण दि0 26.02.2018 को किया गया है। निर्मित होने वाले कृषि विज्ञान केन्द्र बदायूँ–II के प्रशासकीय भवन हेतु स्वीकृत लागत रू0 133.49 लाख के सापेक्ष शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्था सहकारी संघ (पैकपेड) सेनिर्माण कार्य कराया जा रहा है।

सम्प्रेक्षा के दौरान अभिलेखों की जॉच में पाया गया कि ग्राम सभा कर्मा, परगना सलेमपुर, तहसील दातागंज, जिला बदायूँ में नवसृजित होने वाले कृषि विज्ञान केन्द्र बदायूँ–II के प्रशासकीय भवन का निर्माण कार्यग्राम सभाभूमि के प्रक्षेत्र परसम्बन्धित ग्राम पंचायत से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त किये बिना कराया जा रहा है। न तो हस्तानान्तरित की गई भूमि के प्रक्षेत्र की वास्तविक सीमा को स्थापित करने के लिए परिसीमन/Demarcation Of Landv राजस्व निरीक्षक अधिकारी स्तर से कराया गया है। निर्माण कार्य की स्वीकृत लागत रू0 133.49 के सापेक्ष शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्था सहकारी संघ (पैकपेड) को क्रमाशः दिनांक–04.01.2020 को रू0 35.00 लाख, दि0 27.11.2020 को रू0 20.00 लाख, दि0 31.03.2020 को रू0 20.00 लाख, दि0 5.03.2021 को 10.00 लाख, दि0 22.03.2021 को रू0 20.00 लाख एवं दि0 05.07.2021 को रू0 09.00 लाख सहित कुल रू0 114.00 लाख की धनराशि अवमुक्त किया गया है, अवमुक्त की गई सम्पूर्ण धनराशि सितम्बर, 2021 तक कार्यदायी संस्था द्वारा व्यय करते हुए, निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया जा सका है एवं निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। सम्प्रेक्षा द्वारा इंगित किये जाने पर इकाई द्वारा उत्तर में बताया गया कि सम्बन्धित निर्माण कार्य हेतु ग्राम पंचायत स्तर से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि बिना ग्राम पंचायत स्तर से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त किये, तथा भूमि का बिना परिसीमन कराये सम्बन्धित भूमि के प्रक्षेत्र पर निर्माण कार्य कराया जाना तर्कसंगत नही है। अतः परिणामस्वरूप ग्राम पंचायत स्तर से कभी भी आपत्ति दर्ज किये जाने या किसी भी प्रकार के न्यायालीय विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में कराये जा रहे निर्माण कार्य के अलाभकारी व्यय हाने की सम्भावना बनी हुई है।

अतः प्रकरण प्रकाश में लाया जाता है।

कुलसचिव
स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय
मेरठ-250110 (उ0प्र0)

भाग–दो (ब)

प्रस्तर सं0–07 रू0 132.09 लाख की लागत से निर्मित नवसृजित कृषि विज्ञान केन्द्र हापुड़ के प्रशासकीय भवन का समुचित उपयोग न किया जाना।

आधुनिक कृषि प्रोद्योगिकी में किसानों के ज्ञान व कौशल को बढ़ाये जाने के उद्देश्य से सरदार बल्लभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ के नियंत्राणाधीन नवसृजित कृषि विज्ञान केन्द्र, जनपद–हापुड़ के प्रशासनिक भवन का निर्माण विश्वविद्यालय के पत्रांक स0व0प0/वी0सी0 4378/2018 दिनांक 24.08.2018 के द्वारा की गई मॉग के सापेक्ष भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के पत्रांक F.No.EC/(71)/2017दिनांक 14.01.2019 के द्वारा प्रदत्त स्वीकृति के सापेक्ष कुल स्वीकृत एवं अवमुक्त लागत रू0 133.49 लाख के सापेक्ष ब्यय की गई धनराशि रू0132.09 लाख थी। प्रशसनिक भवन के निर्माण कार्य हेतु नामित कार्यदायी संस्था सी0एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम यूनिट–31 गाजियाबाद द्वारा दिनांक 09.09. 2019 को कार्य प्रारंभ कर, दिनांक 11.08.2020 को कार्य पूर्ण कर दिनांक 16.01.2021 को हस्तांतरित किया गया।

